


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 189/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 16 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in

सांध्यप्रकाश विशेष

## बीसीसीआई देने जा रहा है बड़ी सजा!

**नई दिल्ली।** क्रिकेट जगत के लिए मंगलवार का दिन काफी चौंकाने वाला रहा। बीसीसीआई के चीफ सेलेक्टर चेतन शर्मा का एक चैनल द्वारा किया गया स्टिंग ऑपरेशन पूरी दुनिया में वायरल हो गया। चेतन उस स्टिंग ऑपरेशन के वीडियो में साफतौर पर टीम चयन के मसलों पर बातचीत करते हुए नजर आए। वहीं उन्होंने विराट कोहली और पूर्व बीसीसीआई प्रेसिडेंट सौरव गांगुली के बीच हुए विवाद पर भी बड़े खुलासे किए।



### चेतन शर्मा ने स्टिंग ऑपरेशन में क्या कहा?

चेतन शर्मा स्टिंग ऑपरेशन में कुछ ऐसी बाते कह गए जिसके कारण वो अब विवाद में फंस गए हैं। बीसीसीआई ने हाल में चेतन को दूसरी बार चयन समिति का अध्यक्ष बनाया था। इससे पहले उन्हें ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 विश्वकप में भारतीय टीम के लचर प्रदर्शन के बाद हटा दिया गया था। पीटीआई भाषा की एक खबर के मुताबिक चेतन शर्मा के स्टिंग ऑपरेशन में उन्होंने विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों पर भी बड़े आरोप लगा दिए।

चेतन शर्मा ने आरोप लगाया कि खिलाड़ी 80 से 85 प्रतिशत फिट होने के बावजूद टीम में बने रहने के लिए इंजेक्शन लेते हैं। चेतन ने यह तक आरोप लगाया कि सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए बुमराह की वापसी को लेकर उनके और टीम प्रबंधन के बीच विवाद हो गया था। उन्होंने बताया कि बुमराह उस सीरीज को खेलने के लिए फिट नहीं थे, लेकिन वो फिर भी खेले।

### गांगुली और कोहली विवाद पर क्या बोले चेतन?

चेतन शर्मा ने यह आरोप भी लगाया कि पूर्व कप्तान विराट कोहली और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली के बीच ईगो यानी कि अहंकार की लड़ाई थी। पीटीआई ने इस बारे में जब चेतन शर्मा से संपर्क किया तो वो बातचीत के लिए उपलब्ध नहीं थे। पता चला है कि बीसीसीआई इस मामले पर गौर कर रहा है। मामले की जांच इसलिए की जा रही है क्योंकि सेलेक्टर्स अनुबंध से जुड़े होते हैं और उन्हें मीडिया से बात करने की अनुमति नहीं होती है।

### जय शाह करेंगे फैसला

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, "बीसीसीआई के सचिव जय शाह चेतन के भविष्य को लेकर फैसला करेंगे। प्रश्न यह उठता है कि क्या टी20 कप्तान हार्दिक पांड्या या वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा यह जानते हुए कि चेतन आंतरिक चर्चाओं का खुलासा कर सकते हैं, उनके साथ चयन बैठक में बैठना चाहेंगे।"

## इस आईएएस के पास इतने पद कि नेम प्लेट छोटी पड़ी

**पटना।** बिहार में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी (आईएएस) के एक ऐसे अधिकारी हैं, जिनके पास कई विभागों की जिम्मेदारी है। ये अधिकारी हैं राहुल कुमार। उनके पास इतने विभाग हैं कि नेम प्लेट पर लिखने की जगह भी कम पड़ गई। राहुल कुमार ने अपनी इस नेम प्लेट का फोटो शेयर करके अपने ही मजे लिए। उन्होंने अपनी नेम प्लेट का फोटो ट्वीट किया और साथ ही कैप्शन में अपने उस एक पद का भी जिक्र कर दिया जो कि नेम प्लेट पर नहीं लिखा जा सका है।



आईएएस राहुल कुमार इन दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'समाधान यात्रा' में देखे जा रहे हैं। वे कई मीटिंग में खुद मौजूद रहते हैं। इसका एक मुख्य कारण है सीएम का जीविका दीदियों से संवाद करना। बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन सोसाइटी के सीईओ के पद पर राहुल कुमार कार्यरत हैं, ऐसे में राहुल कुमार अक्सर नीतीश कुमार के साथ उनकी यात्रा में दिख जाते हैं। जब मीटिंग होती है तब भी उसमें भी अफसरों की सीट के आगे एक नेम प्लेट रखी जाती है। ऐसी ही एक नेम प्लेट राहुल कुमार के सामने भी रखी गई। उस नेम प्लेट में उनके सभी पद नहीं लिखे जा सके।

आईएएस राहुल कुमार ने जो ट्वीट किया है उसके साथ अपने नेम प्लेट का एक फोटो अपलोड किया है। इस फोटो मेल में उनके पद लिखे हैं 'श्री राहुल कुमार भारतीय प्रशासनिक सेवा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन (जीविका) प्रोत्साहन सोसाइटी- सह-राज्य मिशन निदेशक, राज्य जीविकोपार्जन- सह- आयुक्त - स्व-रोजगार / आयुक्त, मनरेगा / मिशन निदेशक .जल- जीवन- हरियाली, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार!' वहीं इसके साथ राहुल कुमार ने उस पद का भी नाम लिखा है जो नेम प्लेट में मेंशन नहीं किया गया।

उन्होंने लिखा है कि मैं 'लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान बिहार' के डायरेक्टर के पद पर भी कार्यरत हूं। राहुल कुमार 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और बतौर डीएम उन्होंने कई जिलों में अपनी कामयाबी का झंडा गाड़ा है। पटना के रहने वाले राहुल कुमार 2010 में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में 36वें स्थान पर रहे थे। राहुल कुमार को राज्य के बेहतरीन और उम्दा आईएएस अधिकारियों में से एक माना जाता है।

## ट्रेन में खोए अधिकारी की बेटी के जूते, खोजने में जुटी 3 एजेंसियां

सरकारी रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम एक महीने तक जूते की खोज में लगे रहे और आखिरकार उन्हें सफलता मिल ही गई. तीनों टीमों ने मिलकर जूता खोज निकाला। आप सोच रहे होंगे कि ये जूता कोई नायाब प्रदर्शनी में रखा जाने वाला सामान होगा तो आप गलत हैं. दरअसल, रेलवे के एक अधिकारी की बेटी का जूता गायब हो गया था।



इस जूते की खोज में जीआरपी, आरपीएफ और आईआरसीटीसी की टीमें एक महीने तक लगी रहीं. उन्होंने बिहार से लेकर ओडिशा तक तलाशी अभियान चलाया, तमाम दांव-पेंच लगाए और कड़ी मेहनत के बाद ओडिशा के एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी की बेटी के जूते को खोज निकाला। जूते को खोजने वाली टीम ने बताया कि अधिकारी की बेटी का जूता चोरी नहीं हुआ था बल्कि एक सह-यात्री द्वारा गलती से उसे अपने साथ ले गई थी. ये सह-यात्री दिल्ली में प्रैक्टिस करने वाली 34 वर्षीय महिला डॉक्टर थी।

### महिला यात्री ने क्यों पहने दूसरे जूते

मामले से जुड़े जांच अधिकारी मनोज त्यागी ने टीओआई को बताया, 'रेलवे पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान महिला डॉक्टर ने कहा कि जब ट्रेन 4 जनवरी को सुबह 3 बजे के करीब बरेली स्टेशन पहुंची, तो वह अचानक जाग गई और आनन-फानन में गलत जूते उठाकर चली गई. दरअसल, वहां पर एक ही आकार के दो जूते थे इसलिए ये गलती हुई।' अधिकारी ने बताया कि महिला ने अधिकारी की बेटी के जूतों को वापस लौटा दिया है और अब इस जूते को इसके मालिक तक पहुंचा दिया जाएगा. जूतों को चोरी किए जाने का कोई सबूत नहीं है, इसलिए उसके खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

### लखनऊ मेल से गायब हुए थे जूते

मंडल रेल प्रबंधक (ईस्ट कोस्ट रेलवे ज़ोन, विनीत सिंह ने संबलपुर में अपनी 20 वर्षीय बेटी की ओर से जूतों की चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी. उन्होंने शिकायत में बताया था कि उड़ीसा में 5 जनवरी को लखनऊ मेल के फर्स्ट क्लास एसी कोच से 10 हजार रुपये के जूते चोरी हो गए. साथ ही बताया कि उन्हें बरेली स्टेशन पर उतरी महिला पर संदेह है कि उसने चोरी की है क्योंकि उसने अपने पुराने गुलाबी बिना लेस वाले जूते केबिन में छोड़ दिए थे और अपने नए जूते ले गई थी। शिकायत के बाद जूतों की खोज के लिए तीन एजेंसियों को लगाया और व्यापक जांच के बाद, उस महिला यात्री का पता लगा लिया गया जो उन जूतों को लेकर गई थी.

### गलती से पहनकर चली गई थी यात्री

अधिकारी त्यागी ने कहा, 'उसी केबिन के सह-यात्री के खिलाफ आईपीसी की धारा 380 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी. आरक्षण चार्ट को स्कैन करने के बाद, साथ में यात्रा करने वाली महिला डॉक्टर का पता लगा. उसे बरेली से बुलाया गया. इसके बाद उस महिला ने बताया कि वो ट्रेन में अपने जूते छोड़कर गलती से दूसरे जूते पहन गई थी. ऐसे में जांच में पाया गया कि ये चोरी का मामला नहीं था।

# आदिवासी समाज का हित मेरे लिए व्यक्तिगत रिश्तों और भावनाओं का विषय: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आदि महोत्सव विकास और विरासत के विचार को और अधिक जीवंत बना रहा है। जो पहले खुद को दूर-सुदूर समझता था अब सरकार उसके द्वार जा रही है, उसको मुख्यधारा में ला रही है। आदिवासी समाज का हित मेरे लिए व्यक्तिगत रिश्तों और भावनाओं का विषय है। उन्होंने आज दिल्ली के मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आदि महोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उनके साथ रहे। पीएम मोदी ने यहां स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी नेता बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी।

● **प्रधानमंत्री ने किया आदि महोत्सव का उद्घाटन, स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडे को दी श्रद्धांजलि**



पीएम मोदी ने कहा कि मैंने देश के कोने कोने में आदिवासी समाज और परिवार के साथ अनेक सप्ताह बिताए हैं। मैंने आपकी परंपराओं को करीब से देखा भी है, उनसे सीखा भी है और उनको जिया भी है। आदिवासियों की जीवनशैली ने मुझे देश की विरासत और परंपराओं के बारे में बहुत कुछ सिखाया है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज वैश्विक मंचों से भारत आदिवासी परंपरा को अपनी विरासत और गौरव के रूप में प्रस्तुत करता है। आज भारत विश्व को बताता है कि अगर आपको जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों का समाधान चाहिए तो हमारे आदिवासियों की जीवन परंपरा देख लीजिए... आपको रास्ता मिल जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि हम कैसे प्रकृति से संसाधन लेकर भी उसका संरक्षण कर सकते हैं इसकी प्रेरणा हमें हमारे आदिवासी समाज से मिलती है। भारत के जनजातीय समाज द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है और ये विदेशों में निर्यात किए जा रहे हैं। 80 लाख से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप आज अलग-अलग राज्यों में काम कर रहे हैं जिसमें सवा करोड़ से ज्यादा सदस्य हमारे जनजातीय भाई-बहन हैं और इनमें भी बड़ी संख्या हमारी माताओं-बहनों की है।

## त्रिपुरा में 11 बजे तक 32 प्रतिशत वोटिंग, साउथ त्रिपुरा में पोलिंग बूथ के बाहर झड़प



**अगरतला।** 2023 के पहले चुनाव के तहत त्रिपुरा की 60 विधानसभा सीटों पर सुबह 7 बजे से वोटिंग जारी है। राज्य में कुल 3,337 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, जहां शाम 4 बजे तक वोटिंग होगी। सुबह 11 बजे तक 32.06 प्रतिशत मतदान हो चुका है।

हालांकि शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे मतदान के बीच मारपीट की कुछ घटनाएं भी सामने आई हैं। साउथ त्रिपुरा में एक पोलिंग बूथ के बाहर कुछ लोगों ने सीपीआई समर्थक को पीट दिया। पुलिस ने इस मामले में स्नढ्ढक्रदर्ज कर ली है।

सिंगल फेज में हो रहे चुनाव में राज्य की 28.13 लाख जनता 259 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेगी। जबकि नतीजे 2 मार्च को घोषित होंगे। राज्य में चुनाव प्रचार मंगलवार शाम को खत्म हो गया था। साउथ त्रिपुरा के 36-शांतिर बाजार में कलाचेरा बूथ के बाहर एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। हरिपुर गांव के (दासपारा) ऋषिमुख में हमला कर मतदाताओं को वोट डालने से रोका गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

## राहुल ने गुलमर्ग में स्कीइंग का लुत्फ उठाया



**गुलमर्ग।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कश्मीर के गुलमर्ग के निजी दौरे पर हैं। यहां वे बुधवार को पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यहां स्कीइंग का लुत्फ भी उठाया। साथ ही प्रसिद्ध गोंडोला केबल कार की सवारी भी की। राहुल यहां गुरुवार को भी रहेंगे।

वे बुधवार को श्रीनगर एयरपोर्ट से सीधे गुलमर्ग रवाना हो गए। कुछ देर तंगमर्ग में भी रुके। इस दौरान उन्होंने मीडिया बात नहीं की और सिर्फ उन्हें दूर से ही नमस्कार किया। उन्होंने यहां स्थानीय लोगों से मुलाकात भी की। उनके साथ सेल्फी भी खिंचवाई। राहुल ने टूरिस्ट से भी बात की। राहुल से मिलने के बाद एक टूरिस्ट ने कहा- हम सौभाग्यशाली हैं कि यहां हमारी राहुल गांधी से मुलाकात हो गई। वहीं दूसरे ने कहा कि राहुल भारत जोड़ो यात्रा के बाद छुट्टी लेने के हकदार हैं। बता दे कि इससे पहले वे अपने भारत जोड़ो यात्रा के आखिरी पड़ाव के दौरान 29 जनवरी को श्रीनगर पहुंचे थे। उन्होंने 145 दिन की भारत जोड़ो यात्रा की थी।

संसद में बिल्कुल सही बयान दिया था

### अमेरिकन आर्मी का हेलिकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत 2 की मौत

**अलबामा।** अमेरिका के अलबामा में एक ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है। हेलिकॉप्टर अलबामा-टेनेसी बॉर्डर के पास हाईवे 53 पर हंट्सविल शहर से करीब 10 मील की दूरी पर क्रैश हुआ।

### अभिनेत्री कामना पाठक महाकाल मंदिर पहुंची



**उज्जैन।** महाशिवरात्रि जैसे-जैसे निकट आती जा रही है वैसे-वैसे भक्त दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने लगे इनमें फिल्म और टीवी कलाकार भी शामिल है। गुरुवार को टीवी सीरियल हप्पू सिंह की पलटन में अभिनय करने वाली कामना पाठक महाकाल मंदिर पहुंची है। पूजा अर्चना की।

## 6 हजार चिकित्सकों ने 2 घंटे काम बंद रखा, कल से हड़ताल पर जाने की चेतावनी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासकीय एवं स्वशासी चिकित्सक महासंघ के आह्वान पर गुरुवार को प्रदेश भर के 6 हजार डॉक्टर्स ने दो घंटे काम बंद रखा। इनमें भोपाल के 600 डॉक्टर्स शामिल रहे। इससे पहले बुधवार को डॉक्टर्स ने हाथ पर काली पट्?टी बांधकर विरोध दर्ज कराया था। महासंघ के प्रमुख संयोजक डॉ. राकेश मालवीय ने बताया कि अगर हमारी मांगें नहीं मांनी गईं, तो प्रदेश के करीब 10 हजार डॉक्टर्स शुक्रवार से हड़ताल पर चले जाएंगे। महासंघ डीएसीपी लागू करने, पुरानी पेंशन बहाली और मेडिकल वर्क में अधिकारियों की दखलंदाजी बंद करने की मांग कर रहा है।



मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) मेडिकल कालेज से जुड़े डाक्टरों का संगठन डाक्टरों के समर्थन में उतर आया है। इधर शासकीय स्वशासी चिकित्सक महासंघ मप्र ने भी लोगों से अपील की है कि आंदोलन के दौरान प्रदेश की चिकित्सक सेवा बाधित हो सकती है और आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। महासंघ ने आमजन से अपील की है कि वे आंदोलन को नैतिक समर्थन दें और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सहयोग करें।

## आरएसएस की पत्रिका के संपादकीय में दावा- सुप्रीम कोर्ट को औजार की तरह इस्तेमाल कर रहीं भारत विरोधी ताकतें

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की साप्ताहिक पत्रिका पंचजन्य में एक लेख लिखा गया है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट पर बड़ा आरोप लगाया गया है। पत्रिका में लिखे लेख के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट को भारत विरोधी ताकतें टूल (औजार) की तरह इस्तेमाल कर रही हैं। बता दें कि बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को प्रतिबंधित करने के केंद्र सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। जिस पर कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसी के बाद सुप्रीम कोर्ट पर पंचजन्य पत्रिका में लिखे लेख में उक्त टिप्पणी की गई है।

**लेख में लगाए गए गंभीर आरोप-** पंचजन्य पत्रिका के ताजा अंक के संपादकीय लेख में लिखा गया है कि मानवाधिकार के नाम पर आतंकवादियों को बचाने की कोशिशों, पर्यावरण के नाम पर भारत के विकास में बाधा डालने के बाद अब यह कोशिश की जा रही है कि देश



विरोधी ताकतों को देश के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने का अधिकार भी मिलना चाहिए। लेख के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट को देशहित की सुरक्षा के लिए बनाया गया था लेकिन यह देश विरोधी ताकतों द्वारा अपना रास्ता साफ करने के लिए टूल की तरह इस्तेमाल हो रहा है। लेख के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट देश के करदाताओं के पैसे से, भारतीय कानून से और भारतीयों की भलाई के लिए चलता है।

**बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को बताया प्रोपेगेंडा-** पंचजन्य के लेख में बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को भारत को बदनाम करने के लिए प्रोपेगेंडा बताया गया है और दावा किया गया है कि यह गलत और काल्पनिकता पर आधारित है। देश विरोधी ताकतें हमारे लोकतंत्र, हमारी दयालुता और हमारी सभ्यता के मानकों का हमारे ही खिलाफ फायदा लेना चाहती हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने बीते हफ्ते ही बीबीसी पर भारत में प्रतिबंध लगाने की याचिका को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने याचिका की मेरिट को आधारहीन बताया था।

## कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष महोत्सव: भीड़ में तीन महिलाएं लापता, इंदौर-भोपाल हाईवे पर 27 किलोमीटर लंबा जाम





मध्यप्रदेश में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष महोत्सव की शुरुआत हो चुकी है। 16 फरवरी से 22 फरवरी तक रुद्राक्ष महोत्सव चलेगा। अब तक करीब 10 लाख लोग इस महोत्सव में शामिल होने सीहोर पहुंचे हैं। भीड़ इतनी है कि पैदल चलना तक मुश्किल है। तीन महिलाएं लापता हो गई। एक महिला छत्तीसगढ़ के भिलाई से आई हैं, दूसरी राजस्थान के गंगापुर की रहने वाली हैं, तीसरी महाराष्ट्र के बुलढाणा की रहने वाली महिला भी लापता है।




सुबह 10 बजे तक 5 लाख श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष बांटे गए। एक दिन पहले भी डेढ़ लाख रुद्राक्ष बांटे गए थे। 40 काउंटर से रुद्राक्ष बांटे जा रहे हैं। दोपहर 3 बजे तक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी कुबेरेश्वर धाम पहुंचेंगे।18 फरवरी को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी यहां पहुंच सकते हैं।

कुबेरेश्वर धाम से इछावर रोड तक 7 किमी का लंबा जाम लगा है। सीहोर से इंदौर की तरफ हाईवे पर 17 किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। भोपाल की ओर हाईवे पर 10 किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। यानी इंदौर-भोपाल हाईवे पर 27द्मद्व लंबा जाम लगा हुआ है। अधिक भीड़ होने के कारण फोन नेटवर्क्स भी काम नहीं कर पा रहे। पुलिस और प्रशासन की टीम के अलावा ऋस्स्, बजरंग दल, स्थानीय लोग, समिति सदस्य सहित कुल 15000 लोग व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। इनकी ड्यूटियां कथा पंडाल, भोजन पंडाल, रुद्राक्ष वितरण केंद्र पर लगी हुई है।

# जन कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र किए

## राजधानी के कई विधानसभा क्षेत्रों में जारी है विकास यात्रा



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी एवं लाभ पहुंचाने हेतु प्रदेश में जारी विकास यात्रा के तहत चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नरेला विधानसभा क्षेत्र में वार्ड क्र. 37 के द्वारका नगर में कन्या पूजन के साथ विकास यात्रा की शुरूआत की और वार्ड क्र. 37, 41 एवं 70 के विभिन्न क्षेत्रों में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन किए साथ ही अनेक जन सुविधाओं का लोकार्पण भी किया।

महापौर मालती राय ने विकास यात्रा के दौरान भोपाल उत्तर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 18 के छोला क्षेत्र में पूर्व महापौर आलोक शर्मा की उपस्थिति में 13 लाख 32 हजार रुपये की लागत के विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन किया और विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के 17 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र/कार्ड भी वितरित किए। गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र के जोन क्र. 15 के अंतर्गत वार्ड क्र. 62 के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 03 करोड़ 53 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात नागरिकों को दी गई है साथ ही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के 539 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र/कार्ड आदि भी दिए गए। विधायक श्रीमती कृष्णा गौर ने विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण, स्ट्रीट लाईट की स्थापना, नाली, पैविंग ब्लॉक आदि लगाने के कार्यों हेतु भूमिपूजन किए साथ ही विभिन्न सड़कों के सीमेंट क्रांकीटीकरण उपरांत लोकार्पण भी किया। विकास यात्रा के दौरान श्रीमती गौर ने लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, संबल, आयुष्मान सहित विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र/कार्ड/खाद्य राशन पर्ची आदि वितरित की। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य, जोन अध्यक्ष, पार्षद एवं नगर निगम, जिला प्रशासन व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**नरेला विधानसभा:** विकास यात्रा के दौरान नरेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने करोड़ों रुपये की लागत के विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन तथा जनसुविधा के कार्यों का लोकार्पण किया तथा 400 से अधिक जन कल्याणकारी योजना के हितग्राहियों को हितलाभ हेतु स्वीकृति पत्र आदि प्रदान किए।

**उत्तर विधानसभा:** विकास यात्रा के दौरान महापौर श्रीमती मालती राय ने भोपाल उत्तर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 18 के छोला क्षेत्र में 13 लाख 32 हजार रुपये की लागत के विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन किया और विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के 17 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र/कार्ड भी वितरित किए।

**गोविन्दपुरा विधानसभा:** विकास यात्रा के दौरान गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती कृष्णा गौर ने वार्ड क्र. 62 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 03 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत राशि के विभिन्न विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन एवं लोकार्पण किए साथ ही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के 539 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए।

# महाशिवरात्रि पर्व पर मुबारकपुर में चल रही शिवपुराण कथा

## भगवान शिव को पंचामृत से स्नान कराना उत्तम फलदाई-पंडित अरविंद



**संत हिरदाराम नगर।** मुबारकपुर स्थित टोल प्लाजा के पास महाशिवरात्रि पर्व को लेकर चल रही शिवपुराण कथा के तीसरे दिन आचार्य पंडित अरविंद पचौरी महाराज ने भगवान शिव के पूजन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समस्त मनोकामना को पूर्ण करने वाले भगवान शिव के लिए पंचामृत से स्नान कराना उत्तम फलदाई होता है महाराज ने कहा जब जितना जहां जैसे समय मिले पंचाक्षर मंत्र नमः शिवाय का उच्चारण करें साथ ही भगवान को जल अर्पण करते रहे। बिल्वपत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाराज ने कहा अर्थ, धर्म, मोक्ष की प्राप्ति करने वाला सहज और सरल उपाय है भगवान को बिल्वपत्र धतूरा आदि फूल अति प्रिय है कथा के मध्य बीच-बीच में भजन की प्रस्तुति पर श्रद्धालु जमकर झूमते नजर आए। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित कृष्ण मुरारी शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष उदित जोशी, पंडित संजीव पचौरी उपस्थित थे। इसके अलावा मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर सुनील सूद एवं सरपंच संघ अध्यक्ष रघुवीर मीणा आदि ने भगवान की आरती की।

# महाशिवरात्रि अनुष्ठान को लेकर स्थल का पार्षद ने किया निरीक्षण

**संत हिरदाराम नगर।** महाशिवरात्रि पर सैनिक कॉलोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर होने वाले भव्य आयोजन को लेकर स्थानीय पार्षद ने पुजारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। वहां पर गंदा पानी भरा देख अधिकारियों को सफाई करने के लिए निर्देशित किया। पंडित रवि पटेरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सैनिक कॉलोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर शाम 6 बजे से कालसर्प, पितृदोष निवारण हेतु भव्य अनुष्ठान किया जा रहा है। जिसमें 101 जोड़ों द्वारा पूजन की जाएगी। इसमें उज्जैन के पुरोहितों द्वारा पूजन सम्पन्न कराई जाएगी। इस अवसर पर आयोजन समिति के कमल मनसुखानी, पंडित राजेश शर्मा सहित कई उपस्थित थे।

# निगम आयुक्त ने संत हिरदाराम नगर में सीवेज लाईनों का किया निरीक्षण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



निगम आयुक्त ने संत हिरदाराम नगर में अमृत योजना अंतर्गत घरों की सीवेज लाईनों और नालियों को मेन होल बनाकर ग्रेविटी द्वारा पम्प हाउस में भेजने हेतु किये गये कार्यों का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त चैधरी ने गुलाब उद्यान के पीछे कैचमेंट एरिया को अतिक्रमण से मुक्त रखने हेतु समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त के.वी.एस.चैधरी ने बुधवार को संत हिरदाराम नगर में अमृत योजना के अंतर्गत किये गये सीवेज लाईनों एवं मेन होल निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री चैधरी ने लाईनों के लीकेजों को दुरूस्त करने तथा पालीथीन कचरे के कारण ओवर फ्लो होने वाले चेम्बरों की सफाई कराने के निर्देश दिए। स्थानीय क्षेत्रों की सीवेज समस्या के निराकरण हेतु अमृत योजना के अंतर्गत घरों की सीवेज लाईनों और नालियों को मेन होल बनाकर ग्रेविटी द्वारा पम्प हाउस में भेजने हेतु वृहद कार्य योजना के तहत उक्त कार्य किया गया है। इस क्षेत्र के सीवेज को इंदिरा नगर पम्प हाउस से पाईप लाईन द्वारा सीहोर नाका पम्प हाउस तथा सीहोर नाका स्थित पम्प हाउस से बड़वई स्थित आक्सीडेंट पौंड में भेजा जाता है। निगम आयुक्त ने गुलाब उद्यान के पीछे कैचमेंट एरिया को अतिक्रमण से मुक्त रखने हेतु समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने गुलाब उद्यान के पीछे खुली भूमि को पौधारोपण हेतु तैयार करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चैधरी ने वृहद एवं सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत फायर स्टेशन के पीछे एयरपोर्ट तिराहे पर पौधारोपण स्थल का निरीक्षण किया और पौधों के रखरखाव व सिंचाई आदि के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और पौधों के पर्याप्त देखभाल और निरंतर सिंचाई करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चैधरी ने खुली भूमि का समतलीकरण करने तथा पौधारोपण हेतु भूमि तैयार करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त शाश्वत मीणा, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# एक लाख ग्यारह हजार रुद्राक्ष का पूजन संपन्न



ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि तुरत महादेव मंदिर इंद्रपुरी में भोजपुर भंडारे में वितरण करने हेतु लाए गए एक लाख ग्यारह हजार रुद्राक्षों की विधिविधान से पूजन , पवित्र 11 नदियों के जल एवम महाकाल पर चढ़ी हुई भस्म से पंडित गिरीश मिश्रा जी द्वारा अभिमंत्रित कराया गया। रुद्राक्ष पूजन में रिंकू भटेजा, सचिन सेवारामानी, राज कुमार शर्मा, मनोज पांडे ,गुड्डु अग्रवाल, सुधीर गुप्ता ,राम जीत गुप्ता, एस एन अग्रवाल, अवनीश श्रीवास्तव ,आकाश साहू ,अवनीश वर्मा , राज कुमार रघुवंशी ,प्रदीप सोनी सहित अनेकों सदस्य उपस्थित रहे।

# अपने जुनून से दूसरों को प्रेरित करना भी समाज सेवा है-दीपू वासंदानी

**धर्मेन्द्र वासन्दानी का फिटनेस के प्रति दीवानगी युवाओं के लिए बनी प्रेरणा स्त्रोत**

**संत हिरदाराम नगर।** सार्थक जीवन जीने की आकांक्षा सभी को होती है। प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनकाल में कुछ न कुछ ऐसा करना चाहता है जो न केवल उसके बल्कि औरों के लिए भी प्रेरणा जाए। यदि ये आकांक्षा व्यक्ति के मन में हो तो जीवन उसे ऐसे अवसर, देता जरूर है, बस उस अवसर को पहचानने की क्षमता कुछ बिरलों को ही होती है। ऐसे ही एक बिरले व्यक्तित्व के स्वामी हैं धर्मेन्द्र वासन्दानी जो यूँ तो सफल व्यवसायी हैं पर उन्हें भीड़ से अलग करती है उनकी फिटनेस के प्रति दीवानगी। धर्मेन्द्र के मन में एक बात गहरी बैठ गयी थी कि 'पहला सुख निरोगी काया' इसलिए वे अपनी शारीरिक फिटनेस के प्रति युवावस्था से ही सजग तथा प्रयत्नशील थे। नियमित जिम व संतुलित आहार की मदद से व्यापारिक प्रतिद्वन्दिता से जन्मे तनाव को उन्होंने अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। इस एक स्वस्थ आदत ने उन्हें शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ एवं फिट रहने में मदद की। इसी फिटनेस के बलबूते हाल ही में उन्होंने बी.एल. उपाध्याय मेमोरियल स्मृति टी-20 टूर्नामेंट में 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब जीता। यह टूर्नामेंट आर्मी अफसरों एवं बिल्डरों के मध्य आयोजित किया गया। वासन्दानी इस टूर्नामेंट में बिल्डरों की टीम के कैप्टन थे। फिटनेस को पैशन बना चुके वासन्दानी मुम्बई में आयोजित टाटा मैराथन में भाग लेकर उसे पूरा करने वाले कुछ एक धावकों में से एक थे तथा आपने साइक्लोथॉन बी.आर.एम. में 200 कि.मी. की साइक्लिंग कर भोपाल का नाम रोशन किया। उनका उत्साह, फिटनेस और जीवन जीने का जज्बा अनेक युवाओं में स्फूर्ति, उत्साह और ऊर्जा का संचार करने वाला है।

वासन्दानी आज अनेकों ऐसे युवाओं के लिए 'आदर्श' हो सकते हैं, जो अपना जीवन जुआ, सट्टा, शराब, हुक्का आदि में नष्ट कर अपना स्वास्थ्य दाव पर लगा बैठे हैं। उनके इसी जज्बे को सम्मानित करते हुए उन्हें बी.एल. उपाध्यक्ष मेमोरियल टूर्नामेंट की आयोजक समिति द्वारा सम्मानित किया गया। और बोरवन क्लब एवं अनाज मण्डी के अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने उन्हें शुभ कामनाएँ दी और कहा की इसी तरह आगे भी समाज के युवाओं को प्रेरित करते रहे।







भोपाल। भोपाल पुलिस के तत्वावधान में आज घरेलू हिंसा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिला हिंसा के मामले में यूएनओ की तकनीकी विशेषज्ञ डा. सविता जैन ने व्याख्यान दिया। इस मौके पर भोपाल पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मध्य प्रदेश मास्टर्स एसोसिएशन की शानदार उपलब्धि



**भोपाल।** मिदनापुर वेस्ट बंगाल में आयोजित इंडिया मास्टर्स नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सदस्यों ने शानदार उपलब्धि हासिल की है मध्य प्रदेश मास्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष ताराचंद वर्मा ने बताया कि मिदनापुर वेस्ट बंगाल में आयोजित इंडिया मास्टर्स नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश मास्टर एसोसिएशन के सदस्य अनूप डे ,निर्मला पाटिल ,मनोज कुमार, गजेंद्र सिंह जादौन, रवि कुमार ,निशा विश्वकर्मा, मायाराम यादव, नेहा साहू ,मीना श्रीवास्तव, सनत मेहरा ,भगवान जाटव एवं शशि कडारे ने भाग लिया था इसमें सदस्यों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किए सबसे प्रमुख उपलब्धि संभागीय आईटीआई गोविंदपुरा में कार्यरत अजाक्स महिला मोर्चा प्रांत अध्यक्ष निर्मला पाटिल की रही जिन्होंने 40+45 वर्ग में 5000 मीटर पैदल चाल में फर्स्ट, 10 किलो मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान तथा 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल एवं 2 सिल्वर मेडल प्रशस्ति पत्र प्राप्त किए निर्मला पाटिल ने कहा कि खेल सिर्फ युवा लोगों के लिए ही नहीं है बल्कि 30 वर्ष से अधिक लोगों के लिए भी खेलों का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान होता है विशेषकर महिलाएं 30 वर्ष से अधिक आयु में एथलेटिक्स को अपना सकती है और यह उनके संपूर्ण जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है मध्य प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ताराचंद वर्मा ने बताया कि उनकी एसोसिएशन द्वारा मास्टर्स एथलेटिक्स 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए हर संभव सहायता प्रदान करती है जिससे वह खेलों को अपना सके वर्मा ने कहा कि शीघ्र ही मध्य प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन भोपाल में क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन करने जा रहा है।

# कैपिटल मॉल में वॉक दिल से फैशन शो का आयोजन

**भोपाल।** कैपिटल मॉल में वॉक दिल से फैशन शो आयोजित हुआ। इस शो में नेत्रहीन नौजवानों ने अपनी कला से सभी को मोहित कर दिया। इसी के साथ साथ उनका मनोबल बढ़ाने शहर के कई युवा कलाकार वा जाने माने व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इवेंट में आए सभी प्रतिभागियों के साथ वहा आई हुई जनता ने देश के लिए अपनी जान देने वाले सैनिकों को शहीद दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान देकर समारोह किया सैनिकों की शान में 1 मिनट का मोन धारण भी किया गया। इवेंट के आयोजक देवेश कुमार (फेशप्रिज्म), मदीहा रेशमवाला (डोम इंटरटेनमेंट), मोहसिन खान (मेट एंड मेस्ट्रो इवेंट्स) ने बताया की रोशनी के बिना रोजमर्रा के काम करने में कितनी कठिनाई आती है, ऐसे में नेत्रहीन युवाओं को रैंप पर फैशन शो में पूरे जोश के साथ देख बेहद खुशी हुशी भविष्य में हम और भी ऐसे आयोजन करते रहेंगे। शो का आर्टिस्ट मैनेजमेंट मैड्स इंटरटेनमेंट वा हयात इवेंट्स के द्वारा किया गया।



# शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के लिए सभी जगह रहें पुख्ता तैयारियां : चौहान



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महाशिवरात्रि पर्व पर क्राईसेस मेनेजमेंट की पुख्ता व्यवस्थाएं की जाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री चौहान निवास कार्यालय समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ओंकारेश्वर में झूला पुल का तार टूटने की घटना की जानकारी लेने के दौरान अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में कहीं भी कोई अप्रिय घटना न घटे, इसके लिए पहले से ही सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। उन्होंने ओंकारेश्वर में झूला पुल का तार टूट कर नर्मदा नदी में गिरने की घटना के संबंध में जिला अधिकारियों को सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्चौहान ने जबलपुर और रीवा प्रवास पर रहते हुए भी घटना की जानकारी मिलने पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने दौरे से लौटते ही इस संबंध में बैठक बुला कर विस्तृत विवरण प्राप्त किया। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर प्रदेश में जगह-जगह मेले और उत्सवों का आयोजन किया जाता है। इसमें लाखों श्रद्धालु मेले, उत्सव और मंदिरों में दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने इस संबंध में अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा को भीड़ नियंत्रित करने की पुख्ता तैयारियां पहले से करने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी और विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अंशुमन सिंह भी उपस्थित थे।

# अवैध शराब की शिकायत मिलने पर प्रदेश अध्यक्ष ने एसडीएम और टीआई को फटकारा



**खजुराहो।** विकास यात्रा दौरान खजुराहो में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद वीडी शर्मा को एक बुजुर्ग महिला ने अवैध शराब बिकने की शिकायत की। बुजुर्ग महिला की शिकायत के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने पुलिस अधिकारी को फटकारा। वे छतरपुर की राजनगर विधानसभा में विकास यात्रा में शामिल होने आए थे। शिकायत सुनने के बाद उन्होंने एसडीएम और टीआई को फटकार लगाते हुए कहा कि इस पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

भाजपा इन दिनों विकास यात्रा निकाल रही है। खजुराहो सांसद वीडी शर्मा भी विकास यात्रा के दौरान राजनगर विधानसभा में आमसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां एक बुजुर्ग महिला ने उनसे अवैध शराब बिक्री की शिकायत की। इसके बाद सांसद ने मंच से ही एसडीएम और टीआई को फटकार लगाई।

उन्होंने टीआई को बुलाकर कहा कि हमारी बहनें शिकायत कर रही हैं कि गांव में अवैध शराब बिक रही है। ये निर्देश भी है और मैं देखूंगा कि कोई भी अवैध शराब यहां बिकना नहीं चाहिए। उन्होंने थाना प्रभारी को चेतावनी दी कि अब अवैध शराब बिकने की शिकायत नहीं मिले। वीडी शर्मा ने सख्त लहजे में कहा स्कूल कॉलेज मंदिर के पास शराब बिकी तो सख्त कार्रवाई होगी।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए वीडी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में इलाके को पूरी तरह उपेक्षित रखा गया। 2003 से पहले जब कांग्रेस की सरकार थी, तब खजुराहो के विकास के लिए कोई प्रयास नहीं हुए। यहां सड़क, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव था। लेकिन, केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में शिवराज सरकार आने के बाद खजुराहो को कई शानदार सौगातें मिली है। उन्होंने प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि बीजेपी सरकार की हमेशा कोशिश होती है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाई जाए और वो इसके लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## वस्त्र मंत्रालय की योजना अंतर्गत पालघर मुंबई में सस्टेनेबिलिटी पर कार्य कर रही डिज़ाइनर अंकिता चंद्रवंशी



**भोपाल।** मन की बात में हमारे भारत के प्रधान मंत्री मोदी जी ने पालघर के बेंबू क्राफ्ट को विशेष रूप से उजागर किया है और भारत सरकार हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्र मे विकास का कार्य तेजी से कर रही है, भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ़ टैक्सटाइल ( वस्त्र मंत्रालय)के अंतर्गत हैंडीक्राफ्ट सर्विस सेंटर, नवी मुंबई के द्वारा 50 दिन की वर्क शॉप आयोजन किया जा रहा है. जिसमें मुख्य रूप से हैंडीक्राफ्ट डिजाइनर अंकिता चंद्रवंशी इटारसी(भोपाल) अपनी भूमिका निभा रही है। वर्क शॉप का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज की महिलाओ को आगे बढ़ा कर उन्हे स्वयं के रोजगार के लिए प्रेरित करना है। साथ ही बेंबू हस्तकला को और सस्टेनेबल लाइफ को अच्छे माध्यम और बाजार हैंडीक्राफ्ट्स के द्वारा तैयार करना है।

## 73 संकाय सदस्य एम्स में उच्च पदों पर प्रोन्नत

**भोपाल।** एम्स के संकाय सदस्यों की मूल्यांकन प्रोत्साहन योजना का परिणाम आज जारी हुआ । इस पदोन्नति योजना के दौरान 11 अतिरिक्त प्रोफेसरों को प्रोफेसर रैंक, 35 एसोसिएट प्रोफेसरों को अतिरिक्त प्रोफेसर रैंक और 27 सहायक प्रोफेसरों को एसोसिएट प्रोफेसर रैंक पर प्रोन्नत किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह ने सभी पदोन्नत संकाय सदस्यों को बधाई दी और उन्हें पूरी लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने प्रोन्नत फैकल्टी को आगे अपने जूनियर्स को उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में सहायता एवं प्रेरणा प्रदान करने कहा।

# हर गांव, हर शहर में भाजपा सरकार के विकास की लहर: गोविंद सिंह राजपूत

## सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पथरिया, गंभीरियाहाट, विचपुरी, दादपुर, बेरखेड़ीसड़क पहुंची विकास यात्रा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत बुधवार को विकास यात्रा के दौरान सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पथरिया, गंभीरियाहाट, विचपुरी, दादपुर, बेरखेड़ीसड़क पहुंचकर ग्रामों का दौरा किया जिसमें राजपूत ने लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करते हुए क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर मंत्री राजपूत ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में कई ग्रामीण क्षेत्र ऐसे थे कि बारिश के समय दो-तीन महीने लोग शहर नहीं जा पाते थे लेकिन अब हर गांव में पक्की सड़क होने से हर गांव का विकास रोजगार बढ़ गया है। भाजपा के विकास की लहर हर गांव और हर शहर में देखी जा सकती है। भाजपा की सरकार है जिसने हर वर्ग की चिंता करते हुए हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाई। एक समय था जब बेटियां परिवार पर बोझ हुआ करती थी लेकिन भाजपा की सरकार ने इन बेटियों को लाडली लक्ष्मी बनाकर इनको सम्मान दिलाया है। लाड़ली लक्ष्मी 2 योजना के माध्यम से बेटियों को उच्च शिक्षा के लिये 25 हजार रूपयों की सहायता दी गई, बेटियों के सम्मान में सरकारी योजनाओं की



शुरूआत कन्या पूजन से की जाने लगी है। भाजपा ने बेटियों को आगे बढ़ाने के लिये अपने खजाने के द्वारा खोल दिये तो वहीं बेटियों के सम्मान में अब हर सरकारी कार्यक्रम में कन्या पूजन से शुरूआत करने का काम किया है। पीएम उज्जवला योजना के माध्यम से लाखों माताओं-बहनों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन वितरित किये गये। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये स्वा सहायता समूह के माध्यमों से माताओं-बहनों को रोजगार दिया गया। अब वह पुरूषों के साथ कांधे से कांधा मिलाकर अपने परिवार को संवार रहीं है।

**आयुष्मान कार्ड है संजीवनी:** राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब कोई व्यक्ति बीमार हो जाता था तो उस परिवार पर आर्थिक बोझ इतना आ जाता था कि बीमार व्यक्ति को खड़ा करने के लिये या तो लोग अपनी जमीन जायजाद बेचते थे या फिर साहुकारों से उधार लेकर ब्याज चुकाते थे, लेकिन भाजपा की सरकार ने हर व्यक्ति का दर्द समझते हुये आयुष्मान कार्ड योजना बनाई जो लोगों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। जिसमें हर व्यक्ति का 5 लाख तक का इलाज मुफ्त किया जाता है जिसका खर्च भाजपा सरकार देती है।

**गांव का नाम बदलने की मांग:** गांव का नाम बदलने को लेकर ग्रामवासियों ने राजस्व एवं परिवहन मंत्री से मांग की, जिस पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने उन्हें अस्वस्थ करते हुये कहा कि गांव का नाम पथरिया रहेगा। गौरतलब है कि ग्राम पथरियाबेड़नी नाम अभी तक प्रचलन में था जिसको बदलने को लेकर ग्रामवासियों ने मंत्री राजपूत से आग्रह किया था।

**नये वोटरों का किया स्वागत:** विकास यात्रा के दौरान ग्रामों में राजस्व एवं परिवहन मंत्री द्वारा नये वोटरों को फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इसके साथ ही लाड़ली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड आदि का वितरण किया गया साथ ही जो लोग शासकीय योजनाओं से किसी कारणवश नहीं जुड़े थे, उन्हें मौके पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने शासकीय कर्मचारियों को निर्देशित कर संबंधित व्यक्तियों को पात्रता अनुसार योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिये।

**कई कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुये:** विकास यात्रा के दौरान सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विकास से प्रभावित होकर कई ग्रामों के लोग कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। बुधवार को सैकड़ों लोगों ने राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के समक्ष कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ली। कांग्रेस नेत्री चंद्रप्रभा ने भाजपा की सदस्यता ली इस अवसर पर राजपूत द्वारा भाजपा में आये सदस्यों का स्वागत करते हुये कहा कि अपने क्षेत्र के विकास के लिये भाजपा के साथ चलें भाजपा विकास करने वाली पार्टी है जिसने हर वर्ग को सशक्त व उन्नत करने के लिये काम किया है। इस अवसर पर भाजपा नेता रामकुमार यादव, जगदीश साहू, राकेश दुबे, अनिल पीपरा, राममिलन अग्निहोत्री, हरिनारायण बेदी, बलराम साहू, लखन पटैल, विजय कुर्मी, राकेश, गुड्डा राम, अजब सिंह यादव, अरूण राजा राजपूत, राजेन्द्र राजपूत, अशोक रावत, गनेश साहू, सीताराम पटैल, वीरसिंह राजपूत, दीपक मिश्रा, अनंत लोधी, रवि मंगोलिया सहित शासकीय अधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# डॉग स्क्वाड ने चंद मिनटों में ढूंढ निकाले मादक पदार्थ और विस्फोटक

## 66वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में सेंट आइडेंटिफिकेशन और लगेज सर्च में दिखाई दक्षता

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

66वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के तीसरे दिन 15 फरवरी को एक बार फिर डॉग स्क्वाड की टीम ने अपनी योग्यता को साबित किया। देश के 19 राज्यों और 5 सुरक्षा बलों की डॉग स्क्वाड टीम ने ट्रैकर डॉग इवेंट, एक्सप्लोजिव डॉग इवेंट और नार्कोटिक्स डॉग इवेंट में हिस्सा लिया। भदभदा स्थित 25वीं बटालियन की फायरिंग रेंज में हुए डॉग ट्रैकर, सेंट आइडेंटिफिकेशन, लगेज सर्च नारकोटिक्स और विस्फोटक इवेंट हुए। बुधवार सुबह डॉग ट्रैकर इवेंट में इन श्वानों में कड़ा मुकाबला हुआ। सभी श्वानों ने सेंट आइडेंटिफिकेशन में अपने प्रतिद्वंदी को हराने के लिए हैंडलर के निर्देश मिलते ही अपनी दक्षता का परिचय दिया। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में देशभर के 100 श्वान हिस्सा ले रहे हैं।



**बैग में से ढूंढा एक्सप्लोसिव और नार्कोटिक्स:** लगेज सर्च इवेंट के तहत कई बैगों को एक जगह जमाया गया। इसमें से एक बैग में विस्फोटक और नार्कोटिक्स को छिपा कर रखा गया। इन्हें ढूंढने का टास्क डॉग स्क्वाड को दिया। इसके बाद एक-एक कर सीरियल नंबर के हिसाब से टीम को बुलाया गया। डॉग स्क्वाड को निर्धारित समय के अंदर ही विस्फोटक और नार्कोटिक्स को ढूंढ निकालना था। अपने हैंडलर के निर्देश पर श्वानों ने एक-एक कर लगेज को सूंघना शुरू किया।

**गंध से इंसानों की पहचान की:** ह्यूमन बॉडी सर्च इवेंट के तहत डॉग स्क्वाड को किसी एक इंसान के रूमाल की गंध से उस इंसान को पहचानने का टास्क दिया गया। फायरिंग रेंज में हुए इस इवेंट में अलग-अलग श्वानों को अलग-अलग इंसानों को पहचानने में ज्यादा मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ा। चंद ही सेकंड में श्वानों ने रूमाल की गंध लेकर भीड़ में से उस इंसान को पहचान लिया।

**हुईं ये प्रतियोगिताएं:** साइंटिफिक ऐड्स टू इंवेस्टीगेशन भदभदा रोड स्थित डायल 100 भवन में 15 फरवरी को साइंटिफिक ऐड्स टू इन्वेस्टिगेशन इवेंट के अंतर्गत 3 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके अंतर्गत क्राइम लॉ, क्राइम इन्वेस्टिगेशन रूल्स एंड प्रोसिजर्स प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत 86 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें कानून, विभिन्न धाराओं की जानकारी आदि से संबंधित परीक्षा आयोजित की गई। क्राइम सीन फोटोग्राफी प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत 67 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# एम्स ने भर्ती मरीजों के आहार में मोटे अनाज को शामिल किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स, भोपाल ने घोषणा की है कि वह अपने भर्ती रोगियों के आहार में मोटे अनाज मिलेट्स को भी शामिल करेगा । केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री माननीय डॉ.मनसुख एल. मांडविया जी ने ट्वीट कर एम्स भोपाल को बधाई दी एवं कहा कि एम्स का यह संदेश निश्चित ही लोगों को श्रीअन्न खाने हेतु प्रेरित करेगा ।

यह कदम अपने रोगियों को स्वस्थ और पौष्टिक भोजन प्रदान करने की संस्थान की प्रतिबद्धता का हिस्सा है । मोटे अनाज पोषक तत्वों से भरपूर अनाज है, जो कि प्रोटीन, खनिज, विटामिन और आहार फाइबर में उच्च होता है । उनके कई स्वास्थ्य लाभ हैं जैसे, हृदय रोग, मधुमेह और मोटापे आदि के जोखिम को कम करना । इसके अलावा, मोटा अनाज ग्लूटिन मुक्त होता है, जो उन्हें ग्लूटिन एलर्जी वाले लोगों के उपयोग हेतु आदर्श बनाता है ।

एम्स भोपाल अपने मरीजों के आहार के हिस्से के रूप में मोटा अनाज प्रदान करने वाला क्षेत्र का पहला अस्पताल है । संस्थान ने मोटे अनाज की खरीद के लिए स्थानीय किसानों के साथ सहयोग किया है, और एम्स भोपाल के आहार विभाग ने भोजन को स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाने के लिए मोटे अनाज का उपयोग करके व्यंजन बनाने विधि भी विकसित की है। भारत सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 का प्रस्ताव रखा, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार कर लिया। एम्स भोपाल के कार्यपालक



निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह ने बताया कि हम अपने रोगियों के आहार में मोटे अनाज को शामिल करने के लिए बहुत उत्साहित हैं । हमें विश्वास है कि यह उन्हें आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करेगा, जो उन्हें जल्दी ठीक होने के लिए आवश्यक हैं । हम अपने रोगियों को सर्वोत्तम देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## एम्स में दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त 12 साल के बच्चे का रूट कैनाल किया

एम्स भोपाल में पहली बार एंजेलमैन सिंड्रोम से पीड़ित 12 साल के एक बच्चे के दांतों का रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) जनरल एनेस्थीसिया (सम्पूर्ण बेहोशी) की अवस्था में दंत क्षय का सफल ऑपरेशन किया गया । बच्चे ने एम्स की डेंटल ओपीडी में सड़न वाले दांतों और तीव्र दंत दर्द से पीड़ित होने पर दिखाया था, जिसका इलाज उसकी जटिल स्थिति के चलते नियमित प्रक्रियाओं का उपयोग करके संभव नहीं था । गंभीर विकलांगता के कारण या इलाज मे सहयोग ना कर पाने वाले रोगियों हेतु दुर्लभ मामलों में ही जनरल एनेस्थीसिया (सम्पूर्ण बेहोशी) के तहत आरसीटी की जाती है । प्रक्रिया करने वाली टीम में दंत चिकित्सा विभाग प्रमुख प्रो. (डॉ.) पंकज गोयल, डॉ. भारती पेशवानी, डॉ. अमल राणा, डॉ. जितेंद्र कुमार के साथ एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. आशुतोष और डॉ. संजय शामिल थे । एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) अजय सिंह जी के मार्गदर्शन में दंत चिकित्सा विभाग द्वारा पिछले साल सितंबर से सड़न वाले दांतों से प्रभावित अल्पवय के छोटे बच्चों के उपचार हेतु एक विशेष दंत क्षय क्लिनिक शुरू किया गया है।

सम्पादकीय

# विकास दर रिवर्स गियर में?

हम भले ही कितने दावे करें, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार हमारी विकास दर अपेक्षित ऊंचाई तक नहीं जा पा रही है। इस साल भारत की विकास दर सात के आंकड़े को छूने के बजाय छह की ओर रिवर्स में जाएगी। यह कहना है अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानि आईएमएफ का। आईएमएफ ने इस सप्ताह नवीनतम वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें इस साल वैश्विक मुद्रास्फीति में गिरावट आने का अनुमान लगाया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जीवन यापन की लागत के संकट के बीच ज्यादातर अर्थव्यवस्थाओं की प्राथमिकता मुद्रास्फीति यानि महंगाई की दर में गिरावट हासिल करना है। इसमें आगे कहा गया है, कठिन मौद्रिक स्थितियों से निपटने के लिए ऋण पुनर्गठन ढांचे को मजबूत करना जरूरी है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इस साल भारत की विकास दर 6.8 प्रतिशत से घटकर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, 2024 में इसके बढ़कर 6.8 प्रतिशत होने का अनुमान है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यूक्रेन में युद्ध और मुद्रास्फीति से लड़ने के लिए केंद्रीय बैंक की दरों में वृद्धि आर्थिक गतिविधि को बाधित करने वाले कारक हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि चीन में कोरोना महामारी को लेकर लगाए सख्त लॉकडाउन और प्रतिबंधो में ढील देने से वैश्विक विकास को बढ़ावा मिल सकता है। इसमें आगे कहा गया है, यूक्रेन में चल रहे युद्ध, कोरोना महामारी और अन्य भू-राजनीतिक मुद्दों से पैदा हुई रसद चुनौतियों ने, विशेष रूप से उर्जा वस्तुओं और खाद्य पदार्थों में, कीमतों का दबाव बढ़ा रखा है। रिपोर्ट में कहा गया है, वैश्विक मुद्रास्फीति भौगोलिक रूप से व्यापक है, यह अभी भी अमेरिका और यूरोप में उच्च स्तर पर बनी हुई है, यह एशिया के कई हिस्सों में कम है।

विश्व इकोनॉमिक आउटलुक के अपडेट के अनुसार, वैश्विक आर्थिक विकास 2022 में 3.1 फीसदी था जो 2023 यह गिरकर 2.9 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। हालांकि, 2024 में इसके 3.1 फीसदी रहने का अनुमान है। पूर्वानुमानित वृद्धि कम बनी हुई है, लेकिन पिछली भविष्यवाणियों के बाद से समग्र तस्वीर में थोड़ा सुधार हुआ है। 2023 के लिए मौजूदा अनुमान अक्तूबर में इकोनॉमिक आउटलुक में की गई भविष्यवाणी से 0.2 फीसदी अंक अधिक है।

आईएमएफ ने कुछ देशों और क्षेत्रों के लिए व्यक्तिगत आधार पर विकास अनुमान भी प्रदान किए हैं। अमेरिका में 2022 में 2.0 फीसदी की अनुमानित वृद्धि हुई थी। 2024 में इसके 1.0 फीसदी तक गिरने से पहले 2023 में इसके 1.4 फीसदी तक गिरने का अनुमान है। हालांकि, चीन की विकास दर 2022 में 3.0 फीसदी से बढ़कर 5.2 फीसदी होने की उम्मीद है। हालांकि, 2023 में इसके घटकर 4.5 फीसदी रहने का अनुमान है।

भारत की बात करें तो यहां की विकास दर 2024 में तो बढ़ने की उम्मीद जताई गई है, लेकिन इस साल गिरने की बात कही गई है। वैसे देखा जाए तो कुछ आंकड़े और हमें चिंता में डालने वाले है। इनके अनुसार भारत के निर्यात और आयात में जनवरी, 2023 में लगातार दूसरे महीने गिरावट रही। इस दौरान व्यापार घाटा भी कम होकर 12 महीने के निचले स्तर 17.75 अरब डॉलर पर आ गया। जनवरी, 2022 में यह आंकड़ा 17.42 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, वैश्विक मांग में नरमी से निर्यात जनवरी में 6.58 फीसदी घटकर 32.91 अरब डॉलर रह गया। जनवरी, 2022 में देश से 35.23 अरब डॉलर की वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात हुआ था। आयात भी 3.63 फीसदी घटकर 50.66 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले दिसंबर, 2022 में निर्यात 12.2 फीसदी घटकर 34.48 अरब डॉलर रहा था।

आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर कहीं धुंधली होती नजर आ रही है। हालांकि सरकार पूरी तरह से स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है, पर आर्थिक नीतियों में कहीं न कहीं कमी रह जाती है। इसके पीछे सरकार के जिद्दी रवैये को प्रमुख कारण माना जा रहा है। आलोचनाओं और सुझावों को दरकिनार करना जैसे उसकी आदत में आ गया है, जबकि आलोचनाओं के सहारे हम अपनी नीतियों में सुधार भी कर सकते हैं और हो सकता है कि उसके नतीजे अधिक बेहतर आएं। हाल में आए देश के बजट में केवल टैक्स स्लैब का बढ़ना आम आदमी के थोड़े से लाभ का दिखता है, बाकी कुछ भी उसके हाथ नहीं आने वाला। महंगाई में कमी के दावों के उलट बाजार की असलियत हमें पता ही है। सरकार सच भी स्वीकार नहीं करती। यही कारण है कि तमाम योजनाओं और अरबों के खर्च के बाद भी हालात में अपेक्षित सुधार नहीं दिखता। आर्थिक मोर्चे पर अभी बहुत परिवर्तन की अपेक्षा है। अब, सरकार अंतर्राष्टीय मानकों को सिरे से नकार दे, तो कुछ नहीं हो सकता।

# जिन्होंने राम के चरित्र पर मानस बनाया


**ब्रह्मदीप अलूने**

अठारह सौ उनहत्तर में अंग्रेजों द्वारा स्थापित इलाहबाद उच्च न्यायालय को भारत की सबसे पुरानी अदालतों में शुमार किया जाता है। उन्नीस सौ दस में न्यायालय के सामने रामलीला के आयोजन को लेकर एक मुकदमा आया। छन्नू दत्त व्यास बनाम बाबु नंदन मिश्र के केस पर फैसला देते हुए न्यायाधीश स्टैनली तथा न्यायाधीश बनर्जी ने कहा कि भारत में कई शताब्दियों से रामलीला का आयोजन होता है और शोभायात्राएं निकाली जाती है। यह किसी मंदिर विशेष का आयोजन नहीं है। यह रामलीला मेघा भगत के समय से हो रही है जो सोलह सौ संवत के लगभग विद्यमान थे। रामलीला एक धार्मिक शोभायात्रा है।

रामचरितमानस की रचना 1631 संवत के आसपास मानी जाती है। यह भी बेहद दिलचस्प है कि गोस्वामी तुलसीदास और मेघा भगत ने मिलकर ही रामलीला समितियों की स्थापना की थी और भारत भर में राम लीलाओं का आयोजन तभी से होने लगा। दरअसल काशी में तुलसी के समकालीन एक राम भक्त रहते थे नारायण दास इन्हें ही मेघा भगत कहा जाता था। मेघा भगत वैष्णवी थे और वाल्मीकि रामायण के परम ज्ञाता भी थे। तुलसी ने मानस लिखी और देश भर में घूमकर मेघा भगत ने रामलीला के लिए सामग्री एकत्रित की। उनकी यह यात्रा अयोध्या से जनकपुर,नेपाल तक हुई। मेघा भगत ने चित्रकूट,काशी और अयोध्या में जो झांकी प्रारम्भ की वह वाल्मीकि रामायण पर आधारित थी।

शताब्दियों से रामलीला का आयोजन भारत के सभी प्रदेशों अर्थात पूरब,पश्चिम,उत्तर से लेकर दक्षिण तक होता रहा है। राम का चरित्र इतना विशाल है कि उनके कार्यों को सामने लाने के लिए यह आयोजन एक महीने तक भी हो जाता है जिसमें अलग अलग घटनाओं पर अलग अलग पात्र अपनी प्रस्तुती देते है। इसमें अदाकारी के साथ वाद्य यंत्रों का भरपूर सहयोग मिलता है। राम लीला को देखकर भारत की महान आध्यत्मिक यात्रा के दर्शन होते है।

गोस्वामी तुलसीदास ने जिस समय राम चरित मानस की रचना की,उस समय भारत की जनता अनपढ़ थी। अत: राम के चरित्र को घट घट तक समझाने का सबसे बड़ा माध्यम राम लीलाओं का मंचन हो गया। इसे किसी गली,मुहल्ले या खुले मैदान में किया जा सकता है। लोकधर्मी और नाट्य धर्मी हर युग में और हर समाज में हुए है। लोग राम को बिना पढ़े ही राम मय हो गए। वे राम जैसी आज्ञाकारी संतान की मनोकामना करने लगे। रामलीला रामचरितमानस में सात कांड पर आधारित है, जिसमे बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, लंका कांड, सुंदर कांड तथा उतर काण्ड सम्मलित है। रामचरित मानस में राम, सीता, भरत, लक्ष्मण, सुग्रीव, बलि, हनुमान, रावण, मेघनाद, मारीच, विभीषण तथा मन्दोदरी के सजीव चित्रण प्रस्तुत किए गए है। राम चरित मानस के प्रमुख छंद दोहा और चौपाई हैं। इसके साथ ही इसमें सोरठा, मात्रिक, रोला, हरि गीतिका, कुंडलिया, छप्पय, कवित्त, सवैया आदि छंदों का भी सफल प्रयोग किया गया हैं। दोहा और चौपाई को लेकर यह स्पष्ट है कि उसकी मूल भावना को प्रस्तुतकर्ता अपने अनुसार और अपनी भाषा में प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र होता है। रामलीला के किरदार किसी भी जात, संप्रदाय या धर्म का हो सकता है और यह देखा भी गया है। फिर भीराम चरित मानस के उच्च आदर्शों और मानवीय मूल्यों को सदैव प्रस्तुत और स्वीकार किया गया।



रामचरितमानस की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उसने शैव तथा वैष्णव मतों में समन्वय स्थापित करने की कोशिश की है,यह अद्भुत है। शैव संप्रदाय के लोग एकेश्वरवादी होते हैं। शैव संप्रदाय को मानने और पालन करने वाले लोग साधु समाज से लेकर जंगलों में रहने और विचरण करने वाले अनेक समाज रहे है जो भारत वर्ष में अनेक जगह युगों युगों से रहते आये है। शैव धर्म में कालामुख संप्रदाय के कई अनुयायी नर-पकाल में ही भोजन,जल और सरापान करते है और शरीर पर चिता की भस्म मलकर चलते है। शैव के अंतर्गत ही कापलिक संप्रदाय आता है जिसके ईष्ट देव भैरव थे। भैरव शिव के विनाश से जुड़ा एक उग्र अवतार हैं। उपासना की दृष्टि से भैरवनाथ एक दयालु और शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता हैं तथा उज्जैन में भैरव बाबा की जागृत प्रतिमा है जो मदिरा पान करती है। शैव अखाड़ों के साधु की पहचान कभी जातीय आधारित नहीं होती, दीक्षा के साथ ही उन्हें सब त्यागना पड़ता है।

वहीं वैष्णव धर्म या वैष्णव सम्प्रदाय का प्राचीन नाम भागवत धर्म या पांचरात्र मत है। इस सम्प्रदाय के लोग वासुदेव की आराधना करते है और उन्हें ज्ञान,शक्ति, बल,वीर्य,ऐश्वर्य और तेज के गुणों से सम्पन्न माना जाता है। यह भी दिलचस्प है कि तुलसीदास ने जब राम चरित मानस की रचना की थी,उसके आसपास के काल में ही मध्यकालीन वैष्णव आचार्यों ने भक्ति के लिए सभी वर्ण और जाति के लिए मार्ग खोला था। तुलसीदास कृत रामचरितमानस समन्वय की दृष्टि से इतना महत्वपूर्ण है कि शैव तथा वैष्णव मतों में शिव,पार्वती तथा राम की स्तुति कर एकता स्थापित करने का प्रयास किया गया है।

राम चरित मानस में राम राज्य की परिकल्पना प्रस्तुत की गई है। सुखी जीवन के सिद्वांत के साथ ही कुशासन से उत्पन्न संकटों को इसमें बताया गया है। राम अनादी अनंत से इस पावन भूमि के पालनकर्ता है और उनके आदर्शों को सहेजने में कई साम्राज्यों का योगदान रहा है।

रामचरित मानस का प्रभाव जनमानस पर इतना रहा है कि राम लीलाओं का आयोजन कई भाषाओँ में होता है। पंजाब यूनिवर्सिटी में हरिराम संकीर्तन प्रचार मंडल की तरफ से कराई जाने वाली रामलीला का गठन 1935 में लाहौर में हुआ था। इसके ज्यादातर कलाकार मुस्लिम होते थे तो रामलीला का संवाद भी उर्दू में होने लगा। समय बदला,यूनिवर्सिटी विभाजन के बाद लाहौर से भारत आ गई लेकिन इसके संवाद आज भी उर्दू में ही होते है। भले की इसमें भाग लेंमे वाले कलाकार हिन्दू क्यों न हो. इस रामलीला के प्रधान विधि चंद कौशिक थे और वहीं ऐसे अंतिम इंसान थे जो कि उर्दू को पढ़ सकते थे। उन्होंने मृत्यु से पहले उर्दू में संवाद ट्रांसलेट करवा दिए थे इसलिए विश्वविद्यालय में जब भी रामलीला का मंच होता है संवाद आज भी उर्दू में ही होते है।

श्री रामचरित मानस में नायक श्री राम को एक महाशक्ति के रूप में दर्शाया गया है जबकि महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण में श्री राम को एक महा मानव के रूप में दिखाया गया है। राम भारतीय संस्कृति की सहिष्णुता,समन्वय और सार्वभौमिक चरित्र और मान्यताओं की पहचान है। वे हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। राम का चरित्र और हमारी सभ्यता का विकास साथ साथ चलने वाली वह अवस्था है जिसने इस राष्ट्र को मजबूत करने में सदा योगदान दिया है।

राम को हम सभी नायक मानते है अत- रामचरित मानस आम जन की प्रिय हो गई। राम लीलाओं को देखकर भारत की कई पीढियां राम के चरित्र की महानता को आत्मसात करने लगी,इसमें जाति,धर्म या समाज का कभी भेद नहीं हुआ। यही कारण है कि गोस्वामी तुलसीदास के सखा अब्दुल रहीम खान-ए-खाना ने कहा था कि रामचरित मानस हिन्दुओं के लिए ही नहीं मुसलमानों के लिए भी आदर्श है। राम को याद कर ही महात्मा गांधी भयमुक्त रहते थे। बापू ने कहा कि मैं सत्य को राम के नाम से पहचानता हूं। मेरी परीक्षा की कठिन से कठिन घड़ी में इसी नाम ने मेरी रक्षा की है और आज भी कर रहा है। इसका संबंध मेरे बचपन से हो सकता है या फिर तुलसीदास के प्रति मेरे आकर्षण से।

# सबसे जागरुक लेकिन सबसे उपेक्षित क्यों है विंध्य प्रदेश?

**सरयूसुत मिश्रा**

वास्तविकता यही दिखाई पड़ती है कि विंध्य प्रदेश विकास के मामले में अब तक उपेक्षित रहा है. विंध्य प्रदेश का सबसे बड़ा शहर रीवा माना जाता है. यह शहर पुराने विंध्य प्रदेश राज्य की राजधानी भी थी. बहुत लंबे संघर्ष के बाद तो रीवा को रेल कनेक्टिविटी प्राप्त हुई थी. अब एयर कनेक्टिविटी की शुरुआत हो रही है।

आजादी के अमृत काल में रीवा में एयरपोर्ट बनाने का शिलान्यास बहुत पुरानी इच्छा के बहुत देर से पूरा होने जैसा है. कभी श्रीनिवास तिवारी विंध्य प्रदेश के सफेद शेर के रूप में राजनीति में पहचाने जाते थे. आज विंध्य प्रदेश की राजनीतिक पहचान धूमिल से हो रही है. यद्यपि विंध्य प्रदेश में पिछले चुनावों में बीजेपी को भरपूर समर्थन मिला है. एमपी में आज बीजेपी की सरकार कायम है तो सिंधिया समर्थक विधायकों की फूट के बाद भी अगर विंध्य प्रदेश का भरपूर समर्थन नहीं मिला होता तो शायद बीजेपी सरकार बनाने का सामर्थ्य ही हासिल नहीं कर सकती थी।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा में एयरपोर्ट के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी और विंध्य एक्सप्रेस-वे का ऐलान किया है. उम्मीद की जानी चाहिए कि एयरपोर्ट का निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा और विंध्य प्रदेश को यह एयरपोर्ट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के हवाई सफर से जोड़ सकेगा।

इस एयरपोर्ट के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने में रीवा के स्थानीय विधायक और पूर्व मंत्री राजेंद्र शुक्ला की भूमिका की निश्चित रूप से सराहना की जानी चाहिए. इसके पहले उन्होंने व्हाइट टाइगर सफारी का निर्माण पूरा करा कर विंध्य प्रदेश के माथे पर गौरव स्थापित किया था। अलग विंध्य प्रदेश की मांग भी उठ रही है. बीजेपी के ही बागी विधायक इस मांग को हवा दे रहे हैं. एमपी में वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में विंध्य प्रदेश ने अपना जितना समर्थन दिया है उतना प्रतिसाद विंध्य प्रदेश को नहीं मिल सका है. चाहे मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व को लेकर हो, चाहे विकास के दूसरे आयाम को लेकर हो, विंध्य प्रदेश को उपेक्षा ही झेलनी पड़ रही है।



रीवा जिले में सभी विधायक बीजेपी से चुने गए हैं. इसके बाद भी मंत्रिमंडल में रीवा जिले को कोई स्थान नहीं दिया गया है. रीवा नगर निगम के चुनाव में इस अंचल की उपेक्षा के कारण परिणामों में उलटफेर हुआ है. रीवा में आज कांग्रेस का महापौर निर्वाचित होकर काम कर रहा है, जिस भी राजनीतिक दल को एमपी में अगली सत्ता पर काबिज होना है उसके लिए विंध्य प्रदेश का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण रहेगा।

विंध्य प्रदेश को बीजेपी से जिस भागीदारी की उम्मीद थी वो शायद अभी तक पूरी नहीं हो सकी है, यह बात विंध्य प्रदेश के लोगों को अभी तक समझ नहीं आ सकी है कि राजेंद्र शुक्ल जैसे सक्रिय और कर्तव्यनिष्ठ जननेता को शासन में प्रतिनिधित्व का मौका क्यों नहीं दिया गया? इसके राजनीतिक कारण हो सकते हैं लेकिन चुनाव की दृष्टि से यह हालात बीजेपी के लिए लाभकारी नहीं कहे जा सकते।

रीवा में एयरपोर्ट की आधारशिला निश्चित ही ऐतिहासिक और अविस्मरणीय अवसर इस क्षेत्र के लिए कहा जाएगा. रीवा भविष्य में उत्तर मध्य भारत का महत्वपूर्ण एयर ट्रेफिक डेस्टिनेशन बनकर उभर सकता है. यह क्षेत्र माइनिंग, पावर सेक्टर, वाइल्ड लाइफ टूरिज्म की दृष्टि से देश में महत्वपूर्ण स्थान रखता है. एयर कनेक्टिविटी के अभाव में इस क्षेत्र में विकास प्रभावित हो रहा था।

दिल्ली मुंबई से रीवा पहुंचना एक कठिन कार्य होता है. ट्रेन कनेक्टिविटी जब नहीं थी तब राजधानी भोपाल से ही रीवा पहुंचना दुरूह माना जाता था. मध्यप्रदेश में जब छत्तीसगढ़ था, तब अधिकारियों कर्मचारियों को दंडित करने के लिए दंतेवाड़ा और बस्तर भेजा जाता था. छत्तीसगढ़ बनने के बाद यह स्थान रीवा ने ले लिया. मध्यप्रदेश में जिन अधिकारियों को प्रताड़ित करना होता है उन्हें विंध्य प्रदेश ट्रांसफर किया जाता है।

शायद ऐसा इसलिए किया जाता है क्योकि विंध्य प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है. वहां शिक्षा और स्वास्थ्य के सेक्टर में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है. कनेक्टिविटी का संकट है. यद्यपि सांस्कृतिक दृष्टि से विंध्य प्रदेश बहुत ही समृद्ध इलाका है और वहां प्राकृतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है।

ऐसा माना जाता है कि जिन क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं, वहां विकास अपने आप आएगा लेकिन रीवा और विंध्य प्रदेश शायद उन भाग्यशाली क्षेत्रों में नहीं हैं जहां प्राकृतिक संसाधनों का होना भी लाभकारी साबित नहीं हो सका है. इसके विपरीत यहां तक कहा जा सकता है कि विंध्य प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों के अभिशाप का शिकार रहा है. इस क्षेत्र के संसाधनों का दोहन तो हुआ लेकिन उसका लाभ उस अंचल में जितना होना चाहिए था उतना नहीं हो सका है।

राजनीतिक दृष्टि से विंध्य प्रदेश को कांग्रेस के प्रभाव वाला क्षेत्र माना जाता रहा है. बीजेपी ने पिछले वर्षों में इस इलाके में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है. विंध्यप्रदेश में राजनीतिक समर्थन अगली सरकार के लिए निर्णायक साबित होगा. बीजेपी को विंध्य प्रदेश पर बनाई अपनी पकड़ को नए सिरे से देखने और मजबूत करने की जरूरत महसूस की जा रही है. विंध्य प्रदेश के वासियों में ऐसी धारणा बढ़ती जा रही है कि विंध्य प्रदेश की उपेक्षा हो रही है।

विंध्य प्रदेश के लोग आत्म सम्मान और गौरव के प्रति बहुत अधिक सजग होते हैं. देश के किसी भी अंचल के किसी भी क्षेत्र में अगर देखा जाए तो इस अंचल के लोगों ने अपनी उपलब्धियां हासिल की हैं. मध्यप्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य में विंध्य प्रदेश को कमजोर करने की कोशिशें भविष्य में राजनीतिक रूप से नुकसानदेह साबित हो सकती हैं क्योंकि यह तय है एमपी में सत्ता की बिंदी विंध्य से ही चमकेगी।

# हम खाएं तुम खेलो इंडिया...

**अरुण दीक्षित**

खेलो इंडिया का पांचवां संस्करण मध्यप्रदेश में खेला गया।30 जनवरी से 11 फरबरी तक चले इस खेल मेले में देश भर के 6 हजार से ज्यादा खिलाड़ी शामिल हुए।27 तरह के खेल खेले गए!प्रदेश के 8 शहरों में अलग अलग खेलों के आयोजन हुए!खिलाड़ियों और उनके सपोर्ट स्टाफ के अलावा करीब 6 हजार अधिकारी,कर्मचारी,वालंटियर तथा केंद्रीय खेल मंत्रालय के अधिकारी इन खेलों के दौरान मौजूद रहे।

मध्यप्रदेश सरकार इन खेलों की मेजबान थी।उसने 230 करोड़ रूपये का बजट इस आयोजन के लिए रखा था।सूत्रों के मुताबिक खर्च कुछ ज्यादा ही हुआ !राज्य सरकार का खेल मंत्रालय और माध्यमिक शिक्षा मंडल इस आयोजन के मुख्य सूत्रधार रहे!भोपाल के अलावा इंदौर,उज्जैन,ग्वालियर,जबलपुर,मंडला,बालाघाट और खरगोन में खेल प्रतियोगिताएं हुईं।

इस खेलो इंडिया में एमपी के खिलाड़ी भी जम कर खेले!कुल 96 मेडल जीतकर एमपी तीसरे नंबर पर रहा।जबकि 161 मेडल के साथ महाराष्ट्र पहले और 128 मेडल जीत कर हरियाणा दूसरे स्थान पर रहा।

जैसा कि हमेशा होता आया है! दोनों सरकारों की नजर में आयोजन शानदार रहा।रही खिलाड़ियों की बात..तो जो जीते वे खुश होकर अपने घरों को लौटे!जो हारे वे एक नया अनुभव लेकर गए!

लेकिन राज्य सरकार के तमाम दावों के बाद भी इस दौरान कुछ ऐसा भी हुआ जिसने खिलाड़ियों और उनके साथ आए लोगों के मन को ठेस पहुंचाई!चूंकि खिलाड़ी खेलने आए थे और खेल कर चले गए!इस वजह से सरकार के अफसरों का 卐खेल卐 खुल नही पाया।

यह तथ्य अब सार्वजनिक है कि अपनी एमपी गवर्नमेंट आजकल इवेंट्स में यकीन करती है।पिछले महीनों में हुए उसके सभी आयोजन इवेंट्स की तरह ही हुए हैं।इन दिनों चल रही विकास यात्रा भी एक इवेंट बन गई है।

आपको याद होगा कि एमपी गवर्नमेंट ने कुछ महीने पहले इंदौर में प्रवासी भारतीय सम्मेलन की मेजबानी की थी।हजारों की संख्या में प्रवासी भारतीय इस सम्मेलन में शामिल हुए थे।

सरकार ने करोड़ों रुपए का बजट इस आयोजन के लिए भी रखा था।सरकार के दावे को मानें तो यह आयोजन शानदार रहा था।लेकिन यह भी सब जानते हैं कि खुद मुख्यमंत्री को मंच से माफी मांगनी पड़ी थी।

इंदौर में ही हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट के दौरान भी बदइंतजामी की शिकायतें आम रही थीं। इनके अलावा भोपाल में जी 20 जैसा महत्वपूर्ण आयोजन भी हुआ।और भी कई कार्यक्रम हुए और हो रहे हैं। हर कार्यक्रम एक इवेंट था।जिसे सरकारी मशीनरी के साथ इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों ने आयोजित कराया। नवनियुक्त पुलिस कर्मियों को नियुक्ति पत्र भी एक इवेंट में ही बांटे गए थे।



खेलो इंडिया का आयोजन भी कुछ इसी तर्ज पर हुआ।बताते हैं कि सरकार ने अलग अलग काम के लिए अलग अलग कंपनियों की सेवाएं लीं थीं।ज्यादातर कंपनियां दिल्ली से आईं थी।एक कंपनी इवेंट मैनेजमेंट के लिए हायर की गई तो एक को कंसल्टेंसी के लिए बुलाया गया था।खिलाड़ियों के रहने खाने और लाने ले जाने की व्यवस्था का काम एक बड़ी कंपनी को सौंपा गया था।आयोजन के उद्घाटन और समापन के लिए एक अलग कंपनी की सेवाएं ली गईं थीं।सरकारी अमला तो अपना काम कर ही रहा था।

आयोजन राष्ट्रीय था तो व्यवस्थाएं भी उसी स्तर की होनी थीं।हजारों मेहमान हों तो थोड़ी ऊंचनीच हो ही जाती है।लेकिन खेलो इंडिया के दौरान सबसे ज्यादा बदइंतजामी खाने को लेकर हुई।सरकार की ओर से यह दावा किया गया था कि वह हर खिलाड़ी के खाने पर रोज हजारों रुपए खर्च कर रही है।लेकिन वास्तविकता में ऐसा हुआ नहीं।बताते हैं कि खेल विभाग के अधिकारियों ने बताया कुछ और पर किया कुछ और !शूटिंग अकादमी में 9 फरबरी को इसका प्रमाण भी मिल गया।एक अधिकारी ने बाकायदा यह संदेश भेज दिया था कि खाने की एक थाली दो हजार रुपए की है। सबके खाने की व्यवस्था अलग अलग है।डायनिंग हाल में सबको न घुसने दिया जाए।परिणाम यह हुआ कि बाहर से आए लोग खाने के बजाय धक्के खाते रहे।खबर मीडिया तक पहुंच गई।हालांकि खेल मंत्री और खेल विभाग के डायरेक्टर ने केंद्र सरकार पर ठीकरा फोड़ा और कहा कि जिनके पास कार्ड था उन्हें खाना दिया गया।

जबकि भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अधिकारियों ने अपने स्तर पर सब काम सही करने की बात कही।यही नहीं उन्होंने दिल्ली को सही स्थिति बता भी दी थी। साई के अधिकारियों ने यह बताया था कि खिलाड़ियों के खाने में कमी की बात उनके सामने भी आई थी।रही खिलाड़ियों के शिकायत करने की बात तो वे इसलिए चुप रह गए कि खेलने आए हैं खाने नहीं !यही वजह है कि पूरा आयोजन शानदार रहा।

इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार के अफसरों में समन्वय मुद्दा भी उठा।जबलपुर गए साई के एक अधिकारी स्थानीय प्रशासन के रवैए की वजह से बीच में ही भोपाल लौट आए थे।और भी कई मुद्दों पर मतभेद हुए।लेकिन दब गए।

बस खाने के मुद्दे पर बात बाहर आ गई।बताते हैं कि खाना था सो सबने मिलकर खाया !खिलाड़ियों के मेनू में कुछ घटबढ़ हो गई तो क्या !उन्हें समझा दिया गया कि हम खाएं तुम खेलो इंडिया !ऐसा ही होता है खेलों में !खेल है इसे खेलना कोई खेल नहीं है।इसीलिए खिलाड़ी खेले और चुपचाप घर लौट गे!

सुना यह भी है कि अपने एक सीनियर कोच की एक हरकत की वजह से पूरा खेल विभाग इन दिनों परेशानी में है।विभाग उसे बचाना चाहता है पर कोच की शिकायत करने वाले उनके खिलाफ करवाई पर अड़े हैं। अब कुछ भी हो अपना एमपी गज्जब है !है की नहीं?

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# नकली सोना को असली बताकर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

सिवनी- जिले के बंडोल पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली शराब दुकान के पास से विदिशा सिरोंज निवासी 02 आरोपितों को एक 325 ग्राम की सोने जैसी धातु की बिस्किट बेचने की फिराक में भागते हुये गिरफ्तार किया है। बंडोल पुलिस थाना प्रभारी (कार्यवाहक) दिलीप पंचेश्वर ने बुधवार की रात्रि को हिस को बताया कि अमरवाड़ा निवासी बालगोविंद (33) पुत्र दयाली प्रसाद वर्मा ने 14 फरवरी 23 मंगलवार की रात्रि बंडोल थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसे कुंआ की खुदाई करने वाले विदिशा सिरोंज निवासी दो लडके जिनकी उम्र करीब 35 और 20 साल की है उन्होंने बंडोल बाजार मे 02 दिन पूर्व बताया कि एक सोने की बिस्किट उन्हें कुंआ खुदाई मे मिली है उन्हें पैसो की आवश्यकता है इसलिये सोने की बिस्किट को बेच रहे है जो करीब 325 ग्राम की है जिसे 08 लाख रूपये में दे देगें, सौदा तय हुआ है और उसने लड़कों को 2000 रूपये एडवांस दे दिया है बाकी पैसे देने पर माल लेने की बात हुई है। बिस्किट की फोटो उसने अपने मोबाईल में ले लिया है जिसकी जानकारी उसने अपने साथियों को दी है और साथियों ने बताया कि वह बिस्किट नकली लग रही है। इतना सस्ता सोना कोई क्यों बेचेगा। सौदे के मुताबिक 14 फरवरी 23 की शाम को बंडोल बाजार में शराब दुकान के पास मिलने की बात हुई थी जिस पर दोनो नही आये। जिस पर पुलिस ने भादवि की धारा 420, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

आगे बताया गया कि मामला ठगी गिरोह का एवं चुनौतीपूर्ण होने से घटना की जानकारी थाना प्रभारी ने पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव को दी। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित टीम ने आरोपितों के हुलिया एवं बिना नंबर की नई मोटरसाइकिल नीले रंग की जिसके सामने वायजर पर 786 लिखा होने की पहचान के आधार पर बंडोल थाना क्षेत्र के सीसीटीव्ही कैमरों की मदद ली। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम राहीवाड़ा तिराहे पर नाकाबंदी कर बताये गये हुलिया के दो व्यक्ति एक नीले रंग की बिना नंबर की मोटर सायकल पर आते दिखे जिन्हें घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया जो पुलिस को देखकर जबलपुर की ओर भागने लगे जिन्हें पुलिस टीम ने पकड़ा और तलाशी लेने पर उनके पास काले रंग के बैग में कपड़ों के बीच में एक सुनहरे पीले रंग सोने जैसी बिस्किट पायी गयी जिसमें आगे पीछे दोनों तरफ तीन-तीन जगह अरबी / उर्दू भाषा के सिक्का नुमा मार्का लगे पाये गये, और एक बटनदार चाकू भी मिला है। जिस पर पुलिस ने शाहरूख (20) पुत्र मासूम खान , साबिर (35)पुत्र हबीब खान दोनो निवासी नवासी जैतपुर (देवपुर) थाना मुगलसराय (सिरोंज) जिला विदिशा के कब्जे से सोने जैसी धातु की एक 325 ग्राम की बिस्किट एक बटनदार चाकू घटना में प्रयोग की मोटर सायकल होण्डा एसपी साईन जब्त कर आरोपितों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जिला न्यायालय सिवनी भेजा गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी दिलीप पंचेश्वर, (कार्यवाहक) उप निरीक्षक महेश दुबे, सहायक उप निरीक्षक दुर्गाप्रसाद श्रीवात्री, बी एस प्रजापति, जसवंत सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक ब्रजेन्द्र लोखंडे, अमर उईके, आरक्षक राजेश सैयाम, सतीष पाल, विश्राम एवं अभय की सराहनीय भूमिका रही है।

## सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की कलेक्टर सिंघल ने की समीक्षा

सिवनी- कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बुधवार 15 फरवरी को सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सर्वप्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित शिकायतों पर जनपदवार अधिकारियों से चर्चा की तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए ग्रामवार शिविर आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी तरह राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित तहसीलदारों से पटवारियों के माध्यम से शिकायतों के नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित कराकर शिकायतों का संतुष्टि से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अनुपस्थित रहे खाद्य निरीक्षक छपारा एवं केवलारी श्री प्रतीक तिवारी, लखनादौन निरीक्षक ज्योति पटले तथा धनौरा एवं घंसौर निरीक्षण शबनम शेख का तीन-तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह कलेक्टर श्री सिंघल ने नगरपालिका, खाद्य विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, उर्जा विभाग, श्रम विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों में प्रकरणवार चर्चा की तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## बाकानेर के शिक्षक श्री बागेश्वर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

धार। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री केएल मीणा ने विकासखण्ड उमरबन की सीएम राईज स्कूल उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बाकानेर के माध्यमिक शिक्षक श्री संतोष बागेश्वर को गत दिवस कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा द्वारा उक्त स्कूल के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शिक्षक अनुपस्थित पाए जाने से संस्था के छात्र-छात्राओं का अध्यापन कार्य प्रभावित होने से कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। शिक्षक को योग्य माध्यम से 3 दिवस में अपना प्रतिउत्तर समक्ष में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

## ग्राम की पानी की समस्या हुई दूर

धार। जल जीवन मिशन अंतर्गत नलजल योजना से ग्रामीण क्षेत्र की पानी दिक्कत को दूर किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम आहू के निवासी फरीद बताते है कि नल जल योजना से गांव में नल से पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो रहा हैं। पहले यहॉ पानी के लिए बड़ी समस्या रहती थी। अब गांव की पानी की समस्या दूर हो गई है। इसके लिए उन्होंने हृदय से प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## नैनपुर रेलवे स्टेशन में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा भक्त का स्वागत किया

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आज नैनपुर रेलवे स्टेशन से 205 तीर्थ यात्रियों का जत्था विशेष ट्रेन से काशी विश्वनाथ धाम की यात्रा के लिए निकला यात्रियों का उत्साह देखते ही बन रहा था वृद्धजनों ने भर भर के हृदय सेआशीर्वाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी को दिया पुनः एक बार मध्य प्रदेश में और केंद्र में भाजपा की सरकार भारी मतों से बने आशीर्वाद प्रदान किया। इस पुनीत कार्य में सर्वाधिक तीर्थ यात्रियों को तीर्थ यात्रा में पहुंचाने वाली वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद श्रीमती सुशीला चौरसिया जी,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री बालकिशन खंडेलवाल जी, अधिवक्ता और सांसद प्रतिनिधि नितेश चौरसिया जी वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद नितिन ठाकुर जी वार्ड क्र 13 के पार्षद मोहित कांत झरियाजी वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद श्रीमती लक्ष्मी परते जी,रामनाम संकीर्तन प्रमुख संध्या शर्मा जी समाजसेवी रामविलास नाथ पूर्व पार्षद सुभाष सेन जी ,सुधीर वंदे वार जी उपस्थित रहे।

## वस्त्र मंत्रालय की योजना अंतर्गत पालघर मुंबई में चंद्रवंशी निभा रही है भूमिका



नर्मदापुरम//मन की बात में हमारे भारत के प्रधान मंत्री मोदी जी ने पालघर के बेंबू क्राफ्ट को विशेष रूप से उजागर किया है और भारत सरकार हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्र मे विकास का कार्य तेजी से कर रही है, भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ़ टैक्सटाइल ( वस्त्र मंत्रालय )के अंतर्गत हैंडीक्राफ्ट सर्विस सेंटर, नवी मुंबई के द्वारा 50 दिन की वर्क शॉप आयोजन किया जा रहा है. जिसमें मुख्य रूप से हैंडीक्राफ्ट डिजाइनर अंकिता चंद्रवंशी इटारसी( भोपाल ) अपनी भूमिका निभा रही है। वर्क शॉप का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज की महिलाओ को आगे बढ़ा कर उन्हे स्वयं के रोजगार के लिए प्रेरित करना है। साथ ही बेंबू हस्तकला को और सस्टेनेबल लाइफ को अच्छे माध्यम और बाजार हैंडीक्राफ्ट्स के द्वारा तैयार करना है।

## ग्राम अम्हेटा में 10 दिवसीय शिव महापुराण कथा जारी

नरसिंहपुर। जिला मुख्यालय के करेली क्षेत्र में स्थित ग्राम अम्हेटा में 10 दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा। कथा 10 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगी। इस दौरान ग्राम इमलिया कमती के पं श्री जगन्नाथ प्रसाद शास्त्री द्वारा शिव कथा पर प्रवचन दिये जा रहे हैं। एवं प्रतिदिन सुबह 8 बजे से साढ़े 11 बजे तक रूद्री निर्माण व रुद्राभिषेक भी किया जा रहा है। आयोजन में ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भारी पहुँच रही हैं। उक्त आयोजन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती श्रीदेवी कोदुलाल बनवारी, विश्वनाथ निहाल सिंह बनवारी व समस्त बनवारी परिवार व ग्राम वासी अम्हेटा के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

## हितलाभ वितरण के साथ भूमिपूजन एवं लोकार्पण की सौगात

छतरपुर। विकास यात्रा आयोजन के क्रम में बुधवार को छतरपुर जिले की सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में विकास यात्राएं निकाली जाकर हितलाभ के वितरण के साथ भूमिपूजन एवं लोकार्पण की सौगात स्थानीय लोगों को मिली। बिजावर विधानसभा के ग्राम ग्राम रामपुर, भैरा, गुढ़पारा और कुटिया की विकास यात्रा में लाड़ली लक्ष्मी के 34, वृद्धा पेंशन के 11, हितलाभ वितरण के 7, लोकार्पण एवं भूमिपूजन 2-2 किये गये। विकास यात्रा में विधायक राजेश शुक्ला ने भाग लेते हुये लोगों को योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी।लाड़ली लक्ष्मी योजना में बुधवार को विधानसभा बिजावर में शामिल राजनगर तहसील के ग्राम बरेठी की निवासी श्रीमती भारती पति अनिल ने लाड़ली लक्ष्मी योजना में बेटी कुमकुम को हितलाभ के रूप में दिये गए प्रमाण पत्र पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार माना है। उन्होंने कहा कि इस योजना से बेटियों का भविष्य सुरक्षित हुआ है।

## जी-20 समिट से खजुराहो विकास के नये आयाम से जुड़ेगा

छतरपुर। खजुराहो सांसद व्ही.डी. शर्मा ने बुधवार को राजनगर विधानसभा में ग्राम पथगवां, रनगवां एवं इमलिया की विकास यात्रा में भाग लेते हुए कहा कि महिलाओं की बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्णय पर शुरू होने वाली लाड़ली बहना योजना से सुखद परिवर्तन आएगा। प्रतिमाह उनके खाते में आने वाली 1 हजार रूपए की राशि सौभाग्य बनकर आएगी। जो प्रदेश की महिलाओं के लिए उपयोगी होगी।

## विकास यात्रा में लगातार मिल रही है विकास कार्यो की सौगात

धार, ।/ विकास यात्रा में लगातार विकास कार्यो की सौगात दी जा रही है। बुधवार को ज़िले की सातों विधान सभाओं में विकास यात्रा निकाली गई। इस दौरान यात्रा 81 ग्रामों में पहुँची। जनप्रतिनिधियों द्वारा यहाँ लगभग 1949.49 लाख रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास, भूमिपूजन किया गया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र धार में 192.71 लाख रुपए, बदनावर में 317.01 लाख रुपए, सरदारपुर में 306.91 लाख रुपए, कुक्षी में 211 .05 लाख रुपए, गंधवानी में 644.37 लाख रुपए, मनावर में 227.53 लाख रुपए तथा विधानसभा क्षेत्र धरमपुरी में 49 लाख रुपए के कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास /भूमिपूजन किया गया।

विकास यात्रा के दौरान विधायक श्रीमती नीना वर्मा, जिला योजना समिति सदस्य श्री राजीव यादव ने ग्राम अचाना एवं मुण्डाना में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना की एक करोड़ 43 लाख रूपए की लागत से निर्मित टँकी का लोकार्पण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदारसिंह मेड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने गंधवानी के ग्राम धावड़दा में आयोजित कार्यक्रम में नामांतरण उपरांत रिकार्ड उद्यतन खसरा नकल वितरण किया। सरदारपुर विधायक श्री प्रताप ग्रेवाल ने विकासयात्रा के दौरान सरदारपुर के ग्राम सुल्तानपुर में सात लाख रुपए की लागत की सीसी रोड का भूमिपूजन किया। विकासयात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने मनावर के ग्राम वायल में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना का लोकार्पण किया। निसरपुर के ग्राम पिपल्या में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुनेड़ी में जल जीवन के अंतर्गत बनी जल प्रदाय टँकी का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निसरपुर के ग्राम पिपल्या में हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा गृह प्रवेश करवाया गया। उमरबन के ग्राम मलगांव, सरदारपुर के ग्राम मोरगांव और मिण्डा में आयुष विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया।निसरपुर के ग्राम खेड़ा में जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मिंडा में एनवीडीए विभाग की ओर से नर्मदा,झाबुआ, पेटलावद ,थांदला ,सरदारपुर माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना का निरीक्षण किया। निसरपुर के ग्राम खंडवा में जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्यो व कचरा वाहन का लोकार्पण किया।

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में शीघ्र प्रारंभ होगी फायरिंग रेंज- मेजर जनरल महाजन

छतरपुर । श्री कृष्णा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर 25 म.प्र. बटालियन छतरपुर के कैडेटों द्वारा जहॉं मेजर जनरल ऐ.के. महाजन अतिरिक्?त महानिदेशक मध्?यप्रदेश एवं छत्?तीसगढ़ एन.सी.सी. भोपाल ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली वहीं अवरोध प्रशिक्षण स्?थल का उद्घाटन किया।मेजर जनरल ऐ.के. महाजन ने एन.सी.सी. कैडेट का उत्?साहवर्धन करते हुये कहा कि देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की भावना के साथ एनसीसी का मुख्य उद्देश्य युवाओ में एक धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, अनुशासन, भाईचारा, साहस की भावना और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करना है। छात्रों को अनुशासित और निडर बनाने के लिए एन.सी.सी. का प्रारम्भ किया गया था। युवा सामाजिक सेवाओं से पीछे न हटे और उनके अंदर किसी भी प्रकार की स्वार्थ भावना ना हो इस बात का भी एन.सी.सी. में बहुत ध्यान रखा जाता है। देश के विकास के लिए उस देश का अनुशासित होना बहुत आवश्यक है। देश की हर पीढ़ी को अनुशासन का पालन करना चाहिए। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट अनमोल चतुर्वेदी ने स्?वतंत्रता दिवस की परेड में दिल?ली में प्रतिभाग करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। 25 म.प्र. बटालियन के कर्नल श्री वी.के.एस. चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा एनसीसी राष्ट्रीय कैडेट कोर भारत सरकार के अंतर्गत आता है। यह एक युवा विकास आंदोलन है। इसमें राष्ट्र निर्माण के असीम संभावनाएं हैं, एनसीसी देश के युवाओं में देश प्रति अपने कर्तव्य, पतिबद्धता, समर्पण, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की भावना के साथ उनका सर्वांगीण विकास करता है। ताकि वे सक्षम नेता और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम ने एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप समाज के पथप्रदर्शक बनें और अपने अच्छे काम को जारी रखें, जिससे कि आने वाली पीढ़ियां आपके गुण और जोश का अनुसरण करे। एनसीसी कैंप वास्तव में हमारे देश की एक छोटी सी दुनिया है।

## जी-20 की संस्कृति कार्यसमूह की पहली बैठक 22 से 25तक मप्र के खजुराहो में आयोजित की जाएगी

छतरपुर। भारत का जी-20 संस्कृति ट्रैक कल्चर ऑफ लाइफ के विचार पर आधारित है- जो सतत जीवन जीने के लिए पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली का अभियान है- संस्कृति सचिव श्री गोविंद मोहन संस्कृति मंत्रालय 22 से 25 फरवरी 2023 तक मध्य प्रदेश के खजुराहो में संस्कृति कार्य समूह (सीडब्ल्यूजी) की पहली बैठक का आयोजन कर रहा है।

जी-20 के संस्कृति कार्यसमूह (सीडब्ल्यूजी) की आगामी पहली बैठक के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए संस्कृति सचिव श्री गोविंद मोहन ने कहा, ÷भारत संस्कृति में इतना समृद्ध और विविधता भरा है कि ये सांस्कृतिक जुड़ाव अपना एक अलग ही महत्व हासिल कर लेता है। जी-20 की व्यापक थीम वसुधैव कुटुम्बकम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है। संस्कृति मंत्रालय ने भारत की जी-20 की थीम वसुधैव कुटुम्बकम से प्रेरित सांस्कृतिक परियोजनाओं का एक मजबूत कार्यक्रम विकसित किया है। संस्कृति सचिव ने आगे बताया कि भारत का जी-20 संस्कृति ट्रैक श्कल्चर फॉर लाइफश् के विचार पर आधारित है- यानी सतत जीवन के लिए एक अभियान के तौर पर पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली।

श्री गोविंद मोहन ने ये भी कहा कि इस संस्कृति कार्यसमूह की चार बैठकें होंगी। वे खजुराहो, भुवनेश्वर, हम्पी में होंगी और आखिरी स्थल तय किया जाना बाकी है। उन्होंने ये भी बताया कि खजुराहो के लिए थीम है- सांस्कृतिक संपदा का संरक्षण और बहाली। संस्कृति सचिव ने कहा, ÷खजुराहो में सांस्कृतिक कार्यसमूह की इस बैठक में एक प्रदर्शनी भी आयोजित होगी जो महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की जाएगी। इसका उद्घाटन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज चौहान के साथ केंद्रीय संस्कृति मंत्री श्री जी किशन रेड्डी करेंगे।÷

श्री गोविंद मोहन ने बताया कि इस अवसर पर खजुराहो नृत्य महोत्सव सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। यहां आने वाले प्रतिनिधि पश्चिमी समूह के मंदिरों का भी दौरा करेंगे, जो यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है। उन्हें पन्ना टाइगर रिजर्व भी ले जाया जाएगा। इस बैठक में 125 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

खजुराहो एक प्राचीन शहर है जो अपने भव्य मंदिरों और विस्तृत मूर्तियों के लिए जाना जाता है। यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के तौर पर ख्यात खजुराहो समूह के स्मारकों का निर्माण चंदेल राजवंश द्वारा 950-1050 ईस्वी के बीच करवाया गया था। बेहद बारीक और विस्तृत कारीगरी वाली मूर्तियों से अलंकृत नागर शैली की इस वास्तुकला का सौंदर्य उस समय की सामाजिक-सांस्कृतिक प्रथाओं से परिचय करवाता है। ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार, 12वीं शताब्दी ईस्वी में खजुराहो में मंदिर स्थल में 85 मंदिर थे, जो 20 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए थे। हालांकि, आज इनमें से केवल 25 मंदिर ही बचे हैं जो 6 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले हुए हैं। इस बैठक के एक भाग के रूप में महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर (एमसीसीसी) में री(अ)ड्रेस रिटर्न ऑफ ट्रेजर्स शीर्षक से एक प्रदर्शनी लगेगी, जिसका उद्घाटन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज चौहान और संस्कृति, पर्यटन एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी द्वारा किया जाएगा।

भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की थीम को प्रकट करते हुए 1 दिसंबर 2022 को जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की थी। ये दर्शन एक प्राचीन भारतीय संस्कृत ग्रंथ, महा उपनिषद से लिया गया है जो मानव, पशु और पौधों सहित समस्त जीवन के मूल्य की और पृथ्वी पर व व्यापक ब्रह्मांड में उनके परस्पर संबंधों की पुष्टि करता है। इसकी भावना समावेशिता, सार्वभौमिक कल्याण और सभी प्राणियों के बीच सद्भाव के विचार में निहित है। ये इस विश्वास पर आधारित है कि सभी व्यक्ति सामूहिक रूप से एक-दूसरे और उनके साझा भविष्य के प्रति जिम्मेदार हैं। श्वसुधैव कुटुम्बकम का उद्देश्य है- समग्रतापूर्ण जीवन जीने और लोगों के अनुकूल धरती बनाने का प्रयास करते हुए सदस्य देशों के बीच सांस्कृतिक परंपराओं की विविधता को बढ़ावा देना, उत्सव मनाना और उन्हें शामिल करना।

## आपदा मित्र प्रशिक्षण के नवें दिन,प्रथम चरण में फायर सेफ्टी ऑफिसर विश्व विद्यालय सागर एवम् उनकी टीम के द्वारा आग के बारे में बताया गया

### द्वितीय सत्र में एके सिंह एवम् उनकी टीम के द्वारा होम गार्ड कार्यालय प्रांगण में आग बुझाने के तरीकों का डेमो प्रदर्शन किया गया



छतरपुर। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत सरकार एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मध्यप्रदेश भोपाल तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संदीप जी आर सर, कलेक्टर जिला छतरपुर के मार्गदर्शन में आपदा मित्र प्रशिक्षण का संचालन जिला सेनानी श्री करण सिंह के नेतृत्व मे होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ द्वारा संचालित किया जा रहा है।

आपदा मित्र प्रशिक्षण के नवें दिन श्री ए के सिंह एवम उनकी टीम के द्वारा आग का परिचय वा आग के प्रकार उनके बुझाने के उपकरणों के साथ विभिन्न प्रकार के फायर इंस्टीग्यूसर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवम् विभिन्न प्रकार के फोटो एवम वीडियो के माध्यम से प्रेजेंटेशन देकर सिखलाई दी गई. प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में सभी आपदा मित्र प्रशिक्षणार्थियों को होमगार्ड कार्यालय प्रांगण में आग बुझाने के विभिन्न प्रकार के तरीकों का प्रदर्शन दिया गया, एवं आपदा मित्र प्रशिक्षणार्थियों से भी प्रैक्टिकल कराया गया, गैस सिलेंडर में लगने वाली आग बुझाने का भी प्रदर्शन कर अभ्यास कराया गया, नगर पालिका छतरपुर से बुलाई गई फायर ब्रिगेड मशीन को भी चला कर प्रशिक्षणार्थियों को प्रदर्शन दिया गया एवं सभी से अभ्यास कराया गया।साथ ही श्री अमित दुबे प्लाटून कमांडर एवम् एस डी ई आर एफ टीम के द्वारा सीपीआर का अभ्यास सभी प्रशिक्षणाथीयो से कराया गया,

उक्त प्रशिक्षण में विभिन्न संस्थाओं एन सी सी एन एस एस एन वाई के कॉलेज स्टूडेंट 150 आपदा मित्र प्रशिक्षण में उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण में श्री करण सिंह डिस्टिक कमांडेंट श्री अमित दुबे प्लाटून कमांडर, श्री संजय गौर पीसी, श्री ऋषि गढ़वाल जिला सलाहकार आपदा प्रबंधन, एवं श्री ए के सिंह फायर सेफ्टी ऑफिसर एवम उनकी टीम के साथ एसडीआरएफ सैनिक, पुरुषोत्तम तिवारी, राकेश पाल, अखिलेश अहिरवार, परमलाल, अजय साहू, विनोद बुनकर अरुण राजपूत इत्यादि का सराहनीय योगदान रहा।

## विकास यात्रा के 11वें दिन जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में यात्राएं हुई

खण्डवा विकास यात्रा के 11वें दिन आज पंधाना विधानसभा क्षेत्र में विधायक श्री राम दांगोरे द्वारा बलखड़ घाटी, उमरदा, आरूद, पोखरखुर्द, धनोरा आदि ग्रामों में ग्रामीणजनों को संबोधित किया। ग्राम उमरदा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गृह प्रवेश करवाया। ग्राम रिछी में आयोजित आयुष मेले में मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल द्वारा आयुष रक्षा किट एवं देवारण्य योजना के बारे में जानकारी ली तथा ग्रामीणों को संबोधित किया। इसी तरह खण्डवा विधानसभा क्षेत्र में विधायक श्री देवेन्द्र वर्मा तथा महापौर श्रीमती अमृता यादव द्वारा खण्डवा में नीलकण्ठेश्वर वार्ड क्रमांक 4 एवं अन्य वार्डो में जाकर वार्डवासियों को शासन की योजनाओं से अवगत कराया तथा उनसे साफ सफाई संबंधी जानकारियां ली।

# श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रुद्राक्ष महोत्सव के एक दिन पहले डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं को वितरित किए रुद्राक्ष

### कुबेरेश्वरधाम पर उमड़ा आस्था का सैलाब, आज से रुद्राक्ष महोत्सव और शिव महापुराण

अनिल राय, सीहोर। जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पिछले तीन दिनों से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुवार से आरंभ होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर पूरा जोश है, यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के चेहरे पर आलौकिक चमक है और पूरी आस्था और उत्साह के साथ बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए उम? रहे है। विठलेश सेवा समिति, जिला प्रशासन समिति, शहरवासी, सामाजिक संगठन के अलावा ग्रामीणों ने अतिथि देवो भव के साथ यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की है। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने से कथा स्थल सहित अन्य पंडाल पहले से ही खचाखच भरे हुए है। भारी भी? को देखते हुए मंदिर परिसर में भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में बुधवार को ही भगवान शंकर के रुदाक्षों से सजे शिवलिंग को रखकर रुद्राक्षों का वितरण का क्रम शुरू कर दिया है। दोपहर बाद आरंभ हुए करीब 20 काउंटरों से करीब डे? लाख से अधिक श्रद्धालुओं को क्रम अनुसार वितरण किया। वहीं गुरुवार को पहले दिन स्वयं प्रदेश के मु ख य मं त्री शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य वीआईपी भी शिवमहापुराण का श्रवण करने के साथ भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा का आशीर्वाद ग्रहण करेंगे। आयोजन को लेकर समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला, आशीष वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, आकाश शर्मा आदि ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार की सुबह कुबेरेश्वरधाम पर सुबह सात बजे मंदिर परिसर में नेपाल से मंगवाए गए रुद्राक्षों से भगवान शिव का छह फीट ऊंचा शिवलिंग बनाया गया। उसका भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा सहित ब?ी संख्या में आए पंडितों के द्वारा सुबह सात बजे से नौ बजे के मध्य दूध, जल व फलों के रसों से अभिषेक किया जाएगा, इसके उपरांत दोपहर एक बजे से चार बजे तक श्री महाशिवरात्रि शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया जाएगा। रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर कुबेरेश्वरधाम सहित आस-पास के क्षेत्र में करीब चार से पांच लाख से अधिक श्रद्धालु आ चुके है और गुरुवार को भी ब?ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। कुबेरेश्वरधाम में महाकुंभ स्तर का विशाल रुद्राक्ष महोत्सव 22 फरवरी तक आयोजित किया जाना है इस के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कानून व शांति व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं के लिए विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। कुबेरेश्वरधाम मेला स्थल पर पर्याप्त पार्किंग के लिए स्थान, वाहनों के आवागमन, बैरिकेटिंग, आने वाले श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित अन्य समुचित व्यवस्था की गई है। जिला और पुलिस प्रशासन और विठलेश सेवा समिति के द्वारा कुंभमेला स्तर की तैयारियां की गई है। यहां पर कानून व शांति व्यवस्था अन्य व्यवस्थाओं के लिए तथा संपूर्ण व्यवस्था के प्रभारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी सीहोर होगें।

## वी ने 130 वीं शॉप्स के लॉन्च साथ अपनी रीटेल मौजूदगी का सशक्त बनाया

**भोपाल।** ग्रामीण उपभोक्ताओं के साथ नज़दीकी से जुड़ने के प्रयास में जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के तीसरे स्तर के नगरों में नए फॉर्मेट की 130 'वी शॉप्स' खोली हैं। अपने रीटेल फुटप्रिन्ट का विस्तार करते हुए वी शॉप्स का लॉन्च विदिशा, डबरा, हरदा, मंडला, जाओरा, कवर्धा, सक्ति, भाटापारा, बेमेतारा और अन्य नगरों में किया गया है। पिछले तीन महीनों में खोली गई ये वी शॉप्स त्वरित सहयोग के साथ स्थानीय उपभोक्ताओं को वी का एकसमान अनुभव प्रदान करेंगी, जहां उन्हें तुरंत हर ज़रूरी सहयोग मिलेगा। नए फॉर्मेट स्टोर का आधुनिक डिज़ाइन शहरी लोकेशनों में मौजूद वी स्टोर्स के अनुरूप है। वी शॉप्स में वी के प्रीपेड प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं की सम्पूर्ण रेंज उपलब्ध होगी, जहां कम उपभोक्ता सभी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस तरह उन्हें बेहतर सेवाओं का अनुभव मिलेगा। इस रीटेल विस्तार के उद्देश्य पर बात करते हुए अभिजीत किशोर, सीओओ, वोडाफ़ोन आइडिया लिमिटेड ने कहा, ''हमारे अनुभव एवं उपभोक्ताओं के साथ किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि आज भी महानगरों के दायरे से बाहर ऐसे बहुत से उपभोक्ता हैं जो फिज़िकल रीटेल फॉर्मेट में आरामदायक एवं फेस-टू-फेस सेवाओं की उम्मीद रखते हैं। इस बड़ी ग्रामीण आबादी को डिजिटल क्रान्ति में शामिल करने के लिए हम कई छोटे नगरों एवं तीसरे स्तर के शहरों के लिए 'वी शॉप' अवधारणा लेकर आए हैं। इतनी कम समय अवधि में 1100 वी शॉप्स का लॉन्च देश के सबसे तेज़ रीटेल विस्तार में से एक है। इससे हम अपने उपभोक्ताओं के साथ और करीब से जुड़ सकेंगे और उन्हें प्रशिक्षित कर्मचारियों के माध्यम से अनुकूल एवं सुविधाजनक सेवाओं का लाभ प्रदान कर सकेंगे।''

## भारत में 83 प्रतिशत प्रोफेशनल्स और फ्रेशर्स 2023 में अपने हुनर को निखारने की योजना बना रहे हैं

**बैंगलुरु, एजेंसी।** उच्च शिक्षा और प्रोफेशनल प्रशिक्षण के लिए अग्रणी वैश्विक शैक्षणिक टेक्नोलॉजी कंपनियों में से एक, ग्रेट लर्निंग ने 'अपस्किलिंग ट्रेंड्स रिपोर्ट 2023'' के दूसरे संस्करण का भारतीय चैप्टर प्रकाशित किया है। यह रिपोर्ट उन ट्रेंड्स को समझने में सहायता करती है जिसने पिछले साल भारत में प्रोफेशनल अपस्किलिंग परिदृश्य को आकार देने का काम किया। इसके साथ ही 2023 और इससे आगे प्रतिस्पर्धात्मक बने रहने के लिए व्यक्तियों और उद्यमों को भविष्य का रास्ता तय करने में यह रिपोर्ट मार्गदर्शन कर सकती है। यह रिपोर्ट संपूर्ण भारत के उन लर्नर्स की प्रोफाइलिंग और सर्वेक्षण पर आधारित थी जिन्होंने पिछले साल ग्रेट लर्निंग के कार्यक्रमों का अनुसरण किया। 2023 अपस्किलिंग दृष्टिकोण के लिए ग्रेट लर्निंग ने भारत में अलग-अलग पृष्ठभूमि से आने वाले 1000 वर्किंग प्रोफेशनल्स का सर्वेक्षण किया। इस रिपोर्ट में उद्यम ट्रेंड्स भारत में स्थित ग्रेट लर्निंग के व्यावसायिक ग्राहकों से प्राप्त हुई हैं। उद्यम प्रशिक्षण दृष्टिकोण भी इन्हीं ग्राहकों के साथ की गई बातचीत के आधार पर प्रस्तुत किया गया है। पिछले साल की तुलना में भारतीयों में अपस्किल करने के इरादे में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साल 2022 में 79 प्रतिशतप्रोफेशनल्स अपस्किल करने की योजना बना रहे थे, जबकि साल 2023 में यह आँकड़ा बढ़कर 83 प्रतिशतहो गया है। साल 2023 में 83 प्रतिशतपुरुष और 80 प्रतिशतमहिलाएं अपस्किल करने की योजना बना रही हैं।

## टाटा मोटर्स ने पश्चिम बंगाल सरकार को 218 विंगर वेटरनेरी वैन्स की डिलीवरी की

**कोलकाता, एजेंसी।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली भारत की अग्रणी कंपनी टाटा मोटर्स ने आज पश्चिम बंगाल सरकार को 218 विंगर वेटरनेरी वैन्स की डिलीवरी की है। इन वाहनों को पश्चिम बंगाल की माननीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पश्चिम बंगाल सरकार के माननीय पशु संसाधन विकास मंत्री श्री स्वपन देबनाथ ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल सरकार और टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। विशेष रूप से कस्टमाइज की गई टाटा विंगर का इस्तेमाल पशु संसाधन विकास विभाग द्वारा पशुओं और मवेशियों के कल्याण के लिये किया जाएगा। सरकारी निकाय के नियमों और शर्तों के अनुसार टाटा मोटर्स शीर्ष बोलीकर्ता बनकर उभरी और इसने अत्याधुनिक खूबियों से लैस फुली-बिल्ट विंगर वेटरनेरी वैन्स के बेड़े की डिलीवरी की। ई-बिडिंग की प्रक्रिया सरकारी ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से हुई थी। इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए, श्री विनय पाठक, वाइस प्रेसिडेंट, प्रोडक्ट लाइन- एससीवी, पीयू एण्ड वैन्स, टाटा मोटर्स, ने कहा, ''पशु स्वास्थ्यरक्षा परिवहन को बेहतर बनाने की दिशा में टाटा मोटर्स की मजबूत प्रतिबद्धता के साथ, हम पश्चिम बंगाल सरकार को 218 विंगर वेटरनेरी वैन्स की डिलीवरी करके खुश हैं। हम पूरे राज्य में पशु-चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के सरकार के विज़न के साथ जुड़कर प्रसन्नता हो रही है। टाटा विंगर के वर्सेटाइल प्लेटफॉर्म पर बनी यह वेटरनेरी वैन राज्य में सुगम परिचालन को आसान बनाने के लिये तैयार की गई हैं। टाटा विंगर 2.2-लीटर इंजन से पावर्ड है, जिसका टॉर्क और ईंधन क्षमता बेहतर है।

## मोदी सरकार की बेटियों के लिए शानदार स्कीम, मिल रहा है ज्यादा ब्याज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कई सारी स्कीम चलाई जा रही है. इनमें लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई बचत और निवेश से जुड़ी योजनाएं भी हैं. इन्हीं में केंद्र सरकार की ओर से एक योजना बेटियों के लिए भी चलाई जा रही है. इस योजना का नाम सुकन्या समृद्धि योजना है. बेटियों के लिए स्पेशल ये स्कीम लॉन्च की गई है. बेटियों की बेहतर भविष्य के लिए ये स्कीम चलाई जा रही है.

**स्मॉल सेविंग स्कीम-** सुकन्या समृद्धि योजना बालिकाओं के लाभ के लिए सरकार समर्थित स्मॉल सेविंग स्कीम है. यह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का एक हिस्सा है और 10 वर्ष से कम आयु की बेटियों के माता-पिता के जरिए इस स्कीम में अकाउंट खोला जा सकता है. एसएसवाय खाता चुनिंदा बैंकों या पोस्ट ऑफिस में खोला जा सकता है.

**सुकन्या समृद्धि खाता-** सुकन्या समृद्धि खाते की अवधि 21 वर्ष या तब तक है जब तक कि 18 वर्ष की आयु के बाद बालिका का विवाह नहीं हो जाता तब तक है. एसएसवाय योजना कई टैक्स लाभों के साथ उच्च ब्याज दर के साथ आती है. एसएसवाय के तहत ब्याज दरें सरकार के ज़रिए तिमाही आधार पर घोषित की जाती हैं. क्यू4 (जनवरी-मार्च) वित्त वर्ष 2022-23 के लिए ब्याज दर 7.6 प्रतिशत प्रति वर्ष निर्धारित की गई है.

## गौतम बुद्ध नगर में अब एक ही दर पर होगा जमीन का अधिग्रहण

**नोएडा, एजेंसी।** गौतम बुद्ध नगर में अब यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के तहत जमीनों का अधिग्रहण एक ही दर पर होगा। नोएडा हवाईअड्डे के लिए जमीन देने वाले किसानों के साथ यमुना प्राधिकरण क्षेत्र की हर परियोजना में जिले के किसानों को एकसमान मुआवजा मिलेगा। यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुण वीर सिंह ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई बैठक में प्राधिकरण की तरफ से भेजे गए समान मुआवजा संबंधी प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण ने अपने प्रस्ताव में कहा था कि नोएडा हवाईअड्डे के लिए जिस दर पर जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है, उसी दर पर मुआवजा यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र की जेवर तहसील में सभी किसानों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि एक ही तहसील में मुआवजे की दो दरों का होना किसानों के बीच सौतेलापन दिखाता था।

# लोन की किस्त भरने में देरी हुई तो नहीं देना होगा जुर्माना!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महंगाई को काबू करने के लिए आरबीआई ने रेपो रेट में पिछले एक साल में भारी बढ़ोतरी की है। केंद्रीय बैंक ने लगातार छह बार रेपो रेट बढ़ाया है। पिछले साल अप्रैल में यह चार फीसदी था जो अब बढ़कर 6.5 फीसदी पहुंच गया है। इस कारण बैंकों ने भी ब्याज दरों में भारी बढ़ोतरी की है। इससे लोगों की किस्त काफी बढ़ गई है और उनका बजट बुरी तरह गड़बड़ा गया है। वे समय पर भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। देरी से किस्त के भुगतान पर कई बैंक जुर्माना वसूलते हैं। अमूमन बैंक लेट फीस के तौर पर श्वस्छ्र का एक से दो फीसदी पेनल्टी वसूलते हैं। लेकिन कर्जदारों को जल्दी ही इस जुर्माने से राहत मिल सकती है। आरबीआई का कहना है कि बैंकों को इस तरह के जुर्माने के बारे में अलग से पूरी डिटेल देनी होगी। किस्त भुगतान में देरी पर जो जुर्माना वसूला जाएगा, वह एकदम अलग होगा।





मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लोन की किस्त में भुगतान में देरी पर लगाने वाली पेनल्टी पारदर्शी तरीके से वसूल की जाएगी। आरबीआई ने आठ फरवरी को मॉनीटरी पॉलिसी की बैठक के बाद कहा था कि इस बारे में जल्दी ही एक ड्राफ्ट गाइडलाइन जारी की जाएगी। इस पर सभी स्टेकहोल्डर्स से प्रतिक्रिया मांगी जाएगी। कोई भी जुर्माना पीनल इंटरेस्ट के रूप में नहीं वसूला जाएगा। अभी लोन किस्त के भुगतान में देरी पर पीनल इंटरेस्ट के रूप में जुर्माना वसूला जाता है। अमूमन यह ईएमआई को एक से दो फीसदी होता है। सभी बैंकों में यह राशि अलग-अलग होती है। इसे लोन की मूल राशि में जोड़ दिया जाता है। इसलिए यह पता नहीं चल पाता है कि लोन की किस्त के भुगतान में देरी पर उनपर कितना जुर्माना लगा है।

### कैसे बच सकते हैं इस स्थिति से

जानकारों का कहना है कि पीनल इंटरेस्ट लोन के साइज और प्रकार पर निर्भर करता है। इसका कैलकुलेशन सालाना आधार पर किया जाता है। अगर आपका सालाना पीनल इंटरेस्ट 24 फीसदी और आप 25,000 रुपये की मासिक किस्त का भुगतान करने से चूक गए तो दो फीसदी के हिसाब से 500 रुपये प्रतिमाह होगा। अब बैंकों को अलग से जुर्माना तय करना होगा। किस्त के भुगतान में देरी से आपका सिबिल स्कोर भी प्रभावित होता है। बार-बार भुगतान में देरी से रिकवरी एजेंट्स भी परेशान करने लगते हैं।

अमूमन बैंक कर्जदार को 60 दिन का नोटिस भेजता है। अगर कर्जदार इस दौरान पेमेंट नहीं करता है तो उस कर्ज को एनपीए घोषित कर दिया जाता है। इसके बाद बैंक कर्ज की वसूली के लिए रिकवरी एजेंट्स भेजते हैं। जानकारों का कहना है कि इस स्थिति से बचने के लिए अलर्ट रहने की जरूरत है। अगर आपको आर्थिक परेशानी है तो आप इस बारे में बैंक से संपर्क कर सकते हैं। बैंक आपको तीन से छह महीने की छूट दे सकते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि आपको छह महीने की सैलरी के बराबर एमरजेंसी फंड रखना चाहिए।

## आईएमएफ प्रमुख की चेतावनी, बेहद मुश्किल स्थिति में ग्लोबल इकानामी

**नई दिल्ली।** महंगाई, बढ़ती ब्याज दरें, बढ़ती फूड और एनर्जी प्राइस, साथ ही जलवायु परिवर्तन, धीमा विकास और मंदी, ये सभी आज कई देशों के लिए समस्याएं पैदा कर रहे हैं।

बढ़ती कीमतों की वजह से ग्लोबल सेंट्रल बैंकों ने अपनी मॉनेटरी पॉलिसी को काफी सख्त कर दिया है. हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा का मानना है कि कई देशों में ग्लोबल इंफ्लेशन का असर कम देखने को मिला है. उसके बाद भी जॉर्जीवा का कहना है कि ग्लोबल इकोनॉमी अभी भी बहुत दबाव में है।

जॉर्जीवा ने कहा ने कहा कि ग्लोबल इकोनॉमी अभी भी बहुत कठिन स्थिति में है. 2023 में ग्लोबल ग्रोथ धीमा हो रहा है लेकिन यह एक महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है. आईएमएफ चीफ ने कहा कि झटकों को बेहतर ढंग से झेलने के लिए, अधिकारियों को सभी लेवल पर फ्लेक्सिबिलिटी को बढ़ावा देने पर अधिक ध्यान देना चाहिए।



**आईएमएफ ने की थी कई भविष्यवाणी-** 2022 में 8.8 फीसदी की वृद्धि के बाद, आईएमएफ ने जनवरी में भविष्यवाणी की थी कि ग्लोबल कंज्यूमर प्राइस हाइक 2023 में घटकर 6.6 फीसदी हो जाएगी, जो अक्टूबर के पूर्वानुमान से 0.1 फीसदी अधिक है. 2024 में, इसने 4.3 फीसदी तक और मंदी की भविष्यवाणी की. लगभग 84 फीसदी देशों में, 2022 की तुलना में 2023 में महंगाई की दर कम होने का अनुमान है. द्धस्न्न ने एक साल में पहली बार उसी रिपोर्ट में ग्लोबल इकोनॉमिक ग्रोथ के अपने पूर्वानुमान में वृद्धि की जॉर्जीवा ने 14 फरवरी को कहा कि कई देशों में महंगाई अंततः कम हो रही है. 2023 में अनुमानित 2.9 फीसदी ग्लोबल जीडीपी की वृद्धि अक्टूबर में भविष्यवाणी की तुलना में 0.2 प्रतिशत अधिक है. इस फैक्ट के बावजूद कि यह 2022 में 3.4 फीसदी की तुलना में कम है।

## गेहूं का उत्पादन अब तक के सर्वोच्च स्तर 1121.18 लाख टन पर रहने का अनुमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आगामी रबी मार्केटिंग सत्र (वित्त वर्ष 23-24) में गेहूं का उत्पादन अब तक के सर्वोच्च स्तर 1121.18 लाख टन पर रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की तुलना में 4.12 प्रतिशत ज्यादा होगा। कृषि मंत्रालय की ओर से आज जारी उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान में यह जानकारी दी गई है। इस साल गेहूं की बोआई के रकबे में हुई तेज बढ़ोतरी को देखते हुए यह अनुमान लगाया गया है।

अनुमान से पता चलता है कि चल रहे रबी सीजन में सरसों व चने का उत्पादन भी रिकॉर्ड स्तर पर रहेगा। गेहूं, चना और सरसों का उत्पादन बेहतर रहने से केंद्र सरकार को खाद्य महंगाई दर पर काबू पाने में मदद मिलेगी। खासकर मोटे अनाज पर काबू पाया जा सकेगा, जिसकी कीमत हाल के महंगाई के आंकड़ों में बढ़ी हुई आई है।

बहरहाल खासकर गेहूं के उत्पादन का अनुमान आने वाले कुछ सप्ताह के दौरान मौसम पर निर्भर है। अगर मौसम अनुकूल रहा और तापमान में कोई अस्वाभाविक बदलाव नहीं होता है तो उत्पादन बेहतर रहेगा। पिछले साल अचानक तापमान बढ़ने से उत्पादन घट गया था।

2021-22 में केंद्र के पहले अग्रिम अनुमान में गेहूं उत्पादन 1113.2 लाख टन रहने का अनुमान लगाया गया था, जिसे बाद में घटाकर 1,077.4 लाख टन कर दिया गया। खराब मौसम के कारण उत्पादन में 3.58 प्रतिशत की कमी आई थी। इस साल के पिछले अनुमान में केंद्र सरकार ने गेहूं उत्पादन 1,060 लाख टन होने का अनुमान लगा था, जिसे अब आश्चर्यजनक रूप से बढ़ा दिया गया है। बहरहाल व्यापार से जुड़े सूत्रों का मानना है कि पिछले साल गेहूं की फसल 1,000 लाख टन से बहुत कम थी, जिसका असर कम सरकारी खरीद और कीमतों में पूरे साल के दौरान तेज बढ़ोतरी मे नजर आया। बहरहाल दूसरे सरकारी अनुमान से पता चलता है कि रबी की अन्य प्रमुख फसलों का उत्पादन भी पिछले साल से बेहतर रहेगा। सबसे बड़ी दलहन फसल चने का उत्पादन इस साल 136.3 लाख रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की तुलना में 0.66 प्रतिशत ज्यादा है। रबी सीजन की प्रमुख तिलहन फसल सरसों का उत्पादन रिकॉर्ड 128.1 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की तुलना में 7.11 प्रतिशत ज्यादा है।

## लोन लेना हुआ और महंगा, ईएमआई भी बढ़ेगी, एसबीआई ने इस साल दूसरी बार बढ़ाई ब्याज दरें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने एक बार फिर लोन महंगे कर दिया है। बैंक ने ने सभी टेन्योर के लिए मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट्स यानी एमसीएलआर में 0.10 फीसदी का इजाफा किया है। इससे होम लोन और ऑटो लोन समेत सभी तरह के लोन महंगे हो जाएंगे। बैंक ने इस साल दूसरी बार एमसीएलआर में इजाफा किया है। इससे पहले जनवरी में भी बैंक ने एमसीएलआर में 10 बेसिस अंक की बढ़ोतरी की थी। बढ़ी हुई दर आज यानी 15 फरवरी से लागू हो गई है। आरबीआई ने हाल में छठी बार रेपो रेट में बढ़ोतरी की है। इसके बाद कई बैंकों ने लोन महंगा कर दिया है। बैंकों से लोन लेने पर ब्याज दर निर्धारित करने के लिए अप्रैल 2016 में आरबीआई ने एमसीएलआर की शुरुआत की थी। इसका इस्तेमाल कमर्शियल बैंक लोन का इंटरेस्ट रेट तय करने के लिए करते हैं।



एसबीआई ने ओवरलाइट एमसीएलआर रेट को 7.85 फीसदी से बढ़ाकर 7.95 फीसदी कर दिया है। इसी तरह एक महीने के टेन्योर के लिए इसे 8.10 फीसदी कर दिया गया है। इससे पहले यह 8.00 फीसदी था। तीन महीने का एमसीएलआर भी अब 8.10 फीसदी कर दिया गया है जबकि छह महीने के टेन्योर के लिए यह रेट अब 8.30 फीसदी से बढ़कर 8.40 फीसदी पहुंच गया है। एक साल की मैच्योरिटी के लिए नया रेट 8.50 फीसदी कर दिया गया है। इसी तरह दो साल लिए इसे 8.60 फीसदी और तीन साल के लिए 8.70 फीसदी कर दिया गया है।

**किस पर पड़ेगा असर-** एमसीएलआर में बढ़ोतरी से होम लोन, पर्सनल लोन और ऑटो लोन महंगे हो जाएंगे। साथ ही इससे आपकी किस्त यानी ईएमआई पर भी सीधा असर पड़ेगा। आरबीआई ने 2016 में एमसीएलआर सिस्टम को पेश किया था। यह किसी वित्तीय संस्थान यानी फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन के लिए एक इंटरनल बेंचमार्क है। एमसीएलआर प्रोसेस में लोन के लिए मिनिमम ब्याज दर तय की जाती है। एमसीएलआर एक न्यूनतम ब्याज दर है, जिस पर बैंक लोन दे सकता है।

## ओटीटी प्ले प्रीमियम ने प्लेफ्लिक्स के साथ गठबंधन किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के पहले एआई-पॉवर्ड ओटीटी रिकमेंडेशन एवं कंटेंट डिस्कवरी प्लेटफॉर्म, ओटीटी प्ले प्रीमियम ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर इसमें अपनी तरह का अलग ऐस, प्लेफ्लिक्स शामिल किया है, जिसके द्वारा आप अपनी स्थानीय भाषा में अपना पसंदीदा कंटेंट देख सकेंगे। यह कंटेंट की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जो न केवल मिलेनियल्स के लिए बल्कि उनके परिवारों और बच्चों के लिए भी है। इसमें अनेक एनिमेटेड मूवीज़, प्रोग्राम्स, और राईम्स शामिल हैं। ओटीटी प्ले प्रीमियम और प्लेफ्लिक्स का गठबंधन अंतर्राष्ट्रीय कोरियन, स्पैनिश और रशियन मूवीज़ हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं, जैसे मराठी, गुजराती, तमिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम, और भोजपुरी आदि में डबिंग के साथ दिखाएगा।

इस गठबंधन में बारे में श्री अविनाश मुदालियर, को-फाउंडर एवं सीईओ - ओटीटी प्ले ने कहा, ''हमारा संगठन ग्राहकों पर केंद्रित है, और निरंतर अनुभव के नए स्तर स्थापित करने का प्रयास करता है। ओटीटी प्ले की एक अद्वितीय विशेषज्ञता ग्राहकों को इंटीग्रेटेड सब्सक्रिप्शन मॉडल उपलब्ध कराना है, ताकि वो अपनी रुचि और अपने क्षेत्र का कंटेंट देखने में समर्थ बनें।''

ओटीटी प्ले प्रीमियम का रिकमेंडेशन इंजन प्लेटफॉर्म पर यूज़र की गतिविधि की निगरानी और विश्लेषण करता है, उसके बाद यूज़र की पसंद के आधार पर टेलर्ड सुझाव प्रदर्शित करता है। इसके कैटालोग पेजेस द्वारा यूज़र्स आसानी से निर्णय ले सकते हैं, कि उन्हें अपनी पसंद का कंटेंट कहाँ देखना है। ओटीटी प्ले का विकास एक कंटेंट डिस्कवरी इंजन से हुआ है, जो 60 से ज्यादा भारतीय और विश्व के ओटीटी से कंटेंट संकलित करके एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर प्रस्तुत करता है, ताकि उपभोक्ता 15 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स से अपना पसंदीदा कंटेंट एक ही सब्सक्रिप्शन में देख सकें। प्रीमियम मैंबरशिप साईट ओटीटी प्ले प्रीमियम 15 अलग-अलग ओटीटी के 20,000 से ज्यादा टाईटल, वेब सीरीज़, और मूवीज़ किफायती मूल्य में प्रदान करता है, और अपना मजे करो मल्टीप्लाई का वादा पूरा करता है।

## आईटीआर फॉर्म हुआ जारी, क्रिप्टोकरेंसी की खरीद-फरोख्त की देनी होगी जानकारी

**नई दिल्ली एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने बजट में इनकम टैक्स को लेकर बड़ी राहत दी। उन्होंने नए इनकम टैक्स रिजीम में 7 लाख तक के आय को टैक्स से बाहर कर दिया। वहीं अब इनकम टैक्स विभाग ने वित्त वर्ष 2022-23 और असेसमेंट ईयर 2023-24 के लिए व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए आईटीआर भरने के लिए एक से छह नंबर तक के फॉर्म को नोटिफाई किया है। सीबीडीटी ने 10 फरवरी को एक नोटिफिकेशन के जरिए आईटीआर फॉर्म 1-6, आईटीआर-वी (वेरीफिकेशन फॉर्म) और आईटीआर पावती प्रपत्र को नोटिफाई किया है।

इस बार के आईटीआर फॉर्म में विशेष बात यह है कि वर्चुअल डिजिटल असेट, जिसमें खासतौर से क्रिप्टोकरंसी शामिल हैं, के बारे में अलग से ब्यौरा देना होगा। अब जानकारी देनी होगी कि आपने साल 2022-23 में कितनी क्रिप्टोकरेंसी खरीदी या बेची है। उसकी कीमत कितनी थी। उसको बेचने पर आपको कितना कैपिटल गेन हुआ है, उसकी जानकारी देनी होगी।

बजट 2022 में यह घोषणा की गई थी किसी भी वर्चुअल डिजिटल संपत्ति के हस्तांतरण से होने वाली इनकम पर 30 पर्सेंट के रेट से टैक्स लगाया जाता है। इसके अलावा, वर्चुअल डिजिटल असेट को ट्रांसफर करने के संबंध में किए गए किसी भी भुगतान सोर्स पर एक फीसदी टीडीएस देना होगा। एक्सपर्ट



का कहना है कि सीबीडीटी ने निर्धारण वर्ष 2023-24 (2022-23 में हुई आय के लिए) के इनकम टैक्स रिटर्न फॉर्म को बहुत जल्दी नोटिफाई कर दिया है। इससे टैक्स पेयर को अपनी इनकम के रिटर्न को तैयार करने में मदद मिलेगी। पिछले साल ऐसे फॉर्म अप्रैल के पहले हफ्ते में नोटिफाई हुए थे। बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम टैक्स पेयर के उपयोग वाले आईटीआर-1 और आईटीआर-4 को पहले से आसान कर दिए गए हैं।

## महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने संचालन समिति की 7वीं बैठक आयोजित की

### आनंद महिन्द्रा ने डिजिटल सुविधा से युक्त नयी सेंट्रल लाइब्रेरी का उदघाटन किया
### बैठक में भावी विस्तार योजनाओं और अकादमिक गठबंधन पर चर्चा हुई

**हैदराबाद, एजेंसी।** महिन्द्रा युनिवर्सिटी की संचालन समिति की सातवीं बैठक 10 फरवरी, 2023 को संपन्न हुई। महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री आनंद महिन्द्रा के साथ ही टेक महिन्द्रा के कार्यकारी उपाध्यक्ष श्री विनीत नययर टेक महिन्द्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सीपी गुरनानी और महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर यजुलु मेदुरी इस बैठक में शामिल हुए। इस बैठक के दौरान सदस्यों ने भावी विस्तार योजनाओं और इस यूनिवर्सिटी में अन्य अकादमिक गठबंधन पर चर्चा की। इकोल सेंट्रल स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की फैकल्टीः विद्यार्थियों ने कुलाधिपति और अन्य गणमान्य अतिथियों के समक्ष चुनिंदा परियोजनाएं प्रदर्षित की। इनमें से कुछ अनूठी एवं उद्योग से जुड़ी परियोजनाओं में राष्ट्रीय राजमार्गो में लंबी दूरी के वाहनों के लिए बाई- डायरेक्षनल चार्जर के साथ ही प्लग एंड प्ले 4 कर्ब टेस्टर षामिल है। इस टेस्टर से सोलर ऐरे में गड़बड़ पैनलों का पता लगाया जा सकता है और उन्हें ठीक किया जा सकता है। दि सेंटर फॉर सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सिस्टम्स ने भारतीय पारंपरिक ढांचों (एआर वीआर मेटावर्स) के डिजि इनसाइक्लोपीडिया निर्माण और गहन सीख की तकनीकियों पर आधारित विजन एवं वाइब्रेषन का उपयोग कर ढांचागत निगरानी पर अपने अनुसंधान कार्य को प्रदर्षित किया। रोबोटिक्स लैब के विद्यार्थियों ने हयूमन आर्म रिहेबिलिटेषन के लिए एक्सो सूट, ऑटोनोमस गाइडेड वाहनों और लगोरी के लिए प्रोजेक्टाइल लांचर का प्रदर्शन किया जिसकी कुलाधिपति एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।इस अवसर पर श्री आनंद महिन्द्रा ने 42,000 वर्ग फुट में फैली डिजिटल सुविधा से युक्त एक नयी सेंट्रल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस लाइब्रेरी में 15.873 पुस्तकें और 7,853 टाइटल्स मौजूद हैं और वाईफाई युक्त इस लाइब्रेरी और पूरे परिसर में ई संसाधनों तक पहुंच सुलभ है। इस लाइबेरी में कोहा सॉफ्टवेयर पैकेज, एक एकीकृत मल्टी यूज़र ऑटोमेशन मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग किया गया है जो इस लाइबेरी की सभी इन हाउस गतिविधियों को सहयोग प्रदान करता है। साथ ही यहां एक आरएफआईडी (रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफायर) आधारित ऑटोमेशन सिस्टम और सर्कुलेशन सिस्टम लगाया गया है।



## मोनिका घाग, मेहेदी नसेरी और नीत्सो अंगामी भारत के पहले एमएमए रियलिटी शो - कुमिते 1 वॉरियर हंट के बने विजेता

**मुंबई, एजेंसी।** प्रतियोगिता बेहद कड़ी थी जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखी! और, अंत में, मोनिका घाग, मेहेदी नसेरी, और नीत्सो अंगामी भारत की पहली एमएमए रियलिटी सीरीज कुमिते 1 वॉरियर हंट के चैंपियन के रूप में उभरे, जो एमएक्स प्लेयर पर विशेष रूप से स्ट्रीमिंग है। हफ्तों की गहन लड़ाई के बाद, इन तीन प्रतिभाशाली एमएमए चैंपियनों ने टॉप पर पहुंचने के लिए अपनी ताकत, कौशल और दृढ़ संकल्प को साबित कर दिया है।

मेजबान, सुनील शेट्टी ने कहा, भारत की पहली एमएमए रियलिटी शो कुमिते 1 वॉरियर हंट - मोनिका घाग, मेहेदी नसेरी और नीत्सो अंगामी के विजेताओं को बधाई। यह भारत की असली प्रतिभा है। मैं इन चैंपियंस से प्रेरणा लेता हूं। और यह सिर्फ शुरुआत है! कुमिते 1 वॉरियर हंट के चैंपियंस को 3 साल के विशेष अनुबंध के साथ 5000 अमेरिकी डॉलर का नकद पुरस्कार मिला। विजेताओं के रूप में, तीनों के पास अब वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर होगा, खेल के लिए मानक ऊपर उठाएंगे और मार्शल कलाकारों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेंगे। उन्हें विदेशों में सर्वश्रेष्ठ एथलीटों के साथ संपर्क हासिल करने और यूएई में 2023 के मध्य में के 1 एशियाई चैम्पियनशिप में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित किया जाएगा। भारत के विभिन्न हिस्सों से एमएमए फाइटर एक खिताब के लिए ऑडिशन के कई दौरों के माध्यम से चुना गया है, जबकि प्रसिद्ध एमएमए कोच - भरत खंडारे और पवन मान द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है, ये हैं रेखा चौधरी, मोनिका किरण घाग, प्रियंका जीत तोशी, हीना अली शेर शेख, लखी दास, हरप्रीत कौर, शालू शर्मा किरण सिंह, सिद्धार्थ चंदनशिव, मेहदी नसीरी, प्रदीप हुड्डा, सूरज बहादुर, समीर जंझोत्रा, सोहेल खान, कृष्णा पयासी और नीत्सो अंगामी।

## गृह विज्ञान विभाग में खुद को जानो विषय पर कार्यशाला



**छिंदवाड़ा ।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में गृहविज्ञान संकाय द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। आज पहले दिन कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अस्मिता मुंजे की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यशाला का विषय है खुद को जानो। कार्यशाला में मुख्यवक्ता के रूप मे जबलपुर से पधारी मनोवैज्ञानिक श्रीमती पायल चौरसिया द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया गया एवं मनोवैज्ञानिक गतिविधियों हेतु एक गूगल फार्म भी छात्राओं से भरवाया गया। विभाग की प्राध्यापक डॉ. अस्मिता मुंजे ने जानकारी में बताया कि महाविद्यालय में अर्न्तराष्टीय मिलेट वर्ष 2023 के तारतम्य में आज व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में इस वर्ष मनाने के मूल व्याख्यान उद्देश्य पर विस्तृत जानकारी छात्राओं को प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनिता मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अर्चना मैथ्यू, डॉ. कविता जुनेजा, दीपा परते, कविता आकोड़े, रत्नेश दुबे एवं बड़ी संख्या में छात्राये में उपस्थित रही।

## एचडीएफसी बैंक के प्लेसमेंट ड्राइव में पीजी कॉलेज के 58 विद्यार्थी शामिल हुए



**छिंदवाडा ।** शासकीय स्वशासी पीजी महाविद्यालय छिंदवाड़ा में प्राचार्य डॉ पी आर चंदेलकर के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत एचडीएफसी बैंक के विभिन्न पदों हेतु प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ चंदेलकर ने कहा की शासन की मंशा के अनुसार अधिक से अधिक विद्यार्थियों का प्लेसमेंट, स्वरोजगार तथा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जा रहा है , जानकारी देते हुए प्राचार्य स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय नोडल अधिकारी डॉ पी एन सनेसर ने बताया की एचडीएफसी बैंक से अधिकृत चैनल पार्टनर श्री विकास त्रिवेदी ने महाविद्यालय के 58 विद्यार्थियो का एक्जीक्यूटिव तथा टेली कॉलिंग के पद हेतु साक्षात्कार लिए जिसमें से चयनित विद्यार्थियो को बैंक में जॉब ऑफर दिया जावेगा। इस आयोजन में जिला नोडल अधिकारी डॉ जगमोहन पुषाम, सहायक प्लेसमेंट अधिकारी डॉ टीकमणि पटवारी, प्रो महेंद्र साहू सहित महाविद्यालय से डॉ दीप्ति जैन, डॉ तृप्ति मिश्रा, डॉ नंदा हल्दे, डॉ किरण चौकसे एवम् कैरियर मित्रो का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ ।

## हर्षोल्लास से मनायी जायेगी छत्रपति शिवाजी जयंती

**छिंदवाडा ।** छत्रपति शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में छत्रपति शिवाजी मंडल छिंदवाड़ा के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय शिवाजी चैक छिंदवाड़ा में दिनांक 19 फरवरी 2023 को हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर शाम 7 बजे भव्य अतिशबाजी, 7.30 बजे महाआरती और डी.जे. शो, 20 फरवरी 2023 को सुबह 11 बजे से विशाल भंडारा के पश्चात शाम 7 बजे शिव गर्जना बैण्ड नागपुर द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी । मंडल सदस्यों ने सभी जिलेवासियों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।

## कॉलेज रोड और परासिया रोड से हटाया अतिक्रमण

**छिंदवाडा ।** नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दल ने वार्ड 45 परासिया रोड अवैध रूप से रखी गुमठियों एवं श्री चन्द स्कूल के पास से कॉलेज रोड तक का अतिक्रमण हटाया। इस कार्यवाही में अतिक्रमण दल प्रभारी नीरज तांबे, उपयंत्री सचिन पाटिल, गोविंद चौहान, जावेद खान, लोकेश भंडारी, आशीष उइके सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## ममता पांडे बनीं जन परिषद की लखनादौन की अध्यक्ष



**छिंदवाड़ा ।** अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जन परिषद की वीमेन विंग की राष्टीय अध्यक्ष पद्मश्री श्रीमती सुनील डबास एवम जन परिषद के प्रांतीय सचिव श्री गोविंद चौरसिया की अनुशंसा पर संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी श्री एन के त्रिपाठी ने वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती ममता पांडे (शर्मा) को जन परिषद के लखनादौन चैप्टर का अध्यक्ष मनोनीत किया है। ज्ञात रहे जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 34 वर्षों से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवम् अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है।संस्था पर्यावरण पर नौ अंतरराष्टीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 190 एवम् विदेशो में 6 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवम् सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं।संस्था का मुख्य आधार मानवीय , सामाजिक एवम् राष्ट्रीय दृष्टिकोण है द्य सुश्री पांडे के इस मनोनयन पर .एवम् अन्य गणमान्य नागरिकों ने बधाइयां प्रेषित की हैं।

# आजादी के बाद सनातनियों का दमन हुआ

## 17 फरवरी को शाम 5 बजे दशहरा मैदान से सनातन यात्रा

**छिंदवाड़ा।** सनातन जागरण के लिए शुक्रवार 17 फरवरी शाम 5 बजे आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज के नेतृव में शिव महापुराण कथा स्थल दशहरा मैदान से छिन्दवाड़ा में सनातन यात्रा निकाली जाएगी यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी गई है यह यात्रा शाम 5 बजे दशहरा मैदान से शुरू होकर अनगढ़ हनुमान मंदिर ,फव्वारा चौक ,गोलगंज ,मेन रोड ,छोटा बाजार बड़ी माता मंदिर ,राम मंदिर ,मेन रोड , पुराना छापा खाना , बुधवारी बाजार , मोहबे मार्केट ,मुख्य डाक घर ,अनगढ़ हनुमान मंदिर होते हुए वापस दशहरा मैदान पहुँचेगी यात्रा में हजारों हजार सनातनी शामिल होंगे इस रैली का आह्वान किसी और ने नही स्वयं आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने किया है सनातन जागरण और रक्षा के लिए यह रैली होगी आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने सनातन जागरण का यह कदम भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करवाने के लिए उठाया है यह सब बिना सनातन जागरण के सम्भव नही है सनातन वह है जो कल भी था आज भी है और कल भी रहेगा यह सत्य सनातन धर्म परम् ब्रम्ह द्वारा स्थापित है उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद सनातनियो का देश में ही दमन किया गया है हम सनातनी को जगाने के लिए छिंदवाड़ा से 17 फरवरी से सनातन यात्रा निकालेंगे जो 2024 तक चलेगी सनातन सबका हित रखता है हिंदू राष्ट्र घोषित होने पर मुसलमान भी सुरक्षित रहेंगे आज राम के देश मे रामायण जलाने की घटना हो रही है मन्दिर सरकार के अधीन है मस्जिद और चर्च आजाद है यह कैसा हिन्दू हित है यदि मन्दिर सरकार के अधीन है तो मस्जिद और चर्च भी होना चाहिए आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने कहा कि इतिहासकारों ने भी देश में गलत इतिहास पढ़ाया है हिदू हितों पर मुगलों ,अंग्रेजो के बाद काले हिंदुओ ने ही अत्याचार किया है देश की संस्कृति सनातन संस्कृति है जिसके कारण भारत विश्व गुरु था है और रहेगा इसके अब हिन्दू राष्ट्र घोषित होना जरूरी है ताकि हिन्दू राष्ट्र में हिंदुओं को वो दिन फिर ना देखना पड़े जिसे हमारी पीढ़ियों ने भोगा है



### कुत्ता नही गाय पालो तो मिलेगा पुण्य

आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने दशहरा मैदान में शिव महापुराण कथा महोत्सव के छठवें दिन कथा में कहा कि सनातनियो को घर मे कुत्ता नही गाय पालना चाहिए उन्होंने सबक देते हुए कहा कि जिन घरों में कुत्ता पाला जाता है भगवान उस घर की पूजा हवन यज्ञ स्वीकार नही करते हैं सनातन में पहली रोटी गाय को और आखिरी रोटी कुत्ते को दी जाती है लेकिन कुत्ता घर के बाहर ही रहता है उन्होंने कहा कि देवालयों में कही भी कुत्ते नही पाले जाते हैं उन्होंने कहा कि धर्म केवल धर्म से चलेगा मनमर्जी से नही गाय की सेवा हर किसी को करना चाहिए यदि आप घर मे गाय नही पाल सकते हैं तो गौ -शाला में सेवा दे दान दे आज उन्होंने भगवान कार्तिकेय और भगवान गणेश जे जन्म की कथा बताते हुए कहा कि स्त्री के सतीत्व में इतनी शक्ति होती है कि वह भगवान को भी बच्चा बना सकती है अनुसूइया ,लोपामुद्रा ,और अरुंधति का उदाहरण देते हुए महाराज श्री ने कहा कि जब तक जीवन मे संत नही आते तब तक जीवन मे कल्याण सम्भव नही है शिव विवाह प्रसंग में उन्होंने कहा कि आजकल विवाह में भद्दे गाने बजाए जाते हैं शराब मांसाहार का खुले तौर पर उपयोग हो रहा है यह संस्कृति नही विकृति है जिसे ठीक करने की जरूरत है भगवान श्री गणेश की झांकी के दर्शन कराए गए और गणेश भजन भी प्रस्तुत किए गए आरती मंगलाचरण में साहू परिवार के नरेंद्र साहू ,विवेक बंटी साहू नवीन दीपू साहू सहित साहू परिवार शामिल हुआ ।

## विकास यात्रा में 100 हेलमेट का किया गया वितरण



**छिंदवाड़ा।** विकास यात्रा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. 28, 30, 31, 27 एवं वार्ड क्र. 25 में पहुंची जहां पर वार्डवासियों ने विकास यात्रा का स्वागत किया । भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू के निर्देशानुसार विकास यात्रा का प्रारंभ बड़ा तालाब के पास रंगीला दुकान से मेन रोड से दिवानचीपुरा, करबला चौक, अकबरी मस्जिद, नाईस चौक के पश्चात् गोलगंज पहुंची एवं सभा हुई । इसके पश्चात् छोटी बाजार रोड से छापाखाना चौक, साहू ज्वेलर्स से होते हुए कालीपाठा मंदिर से मिश्रा कॉलोनी, शांति कॉलोनी से कुक्कन चौक, मराठी स्कूल से होते हुए राज्यपाल चौक पहुंची एवं सभा हुई । यात्रा के दौरान वार्डो की जनता ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया एवं आवेदन दिए जिस पर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए । विकास यात्रा में पात्र हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया । विकास यात्रा में 100 हलेमेंटों का वितरण आर.टी.ओ. एव वरिष्ठ नेताओं द्वारा किया गया ताकि लोग हेलमेट पहनकर गाड़ी चला सके एवं जागरूक नागरिक बनकर अपना एवं अपने परिवार को सुरक्षित रख सके ।

## बस का ब्रेक फेल एक की मौत चार घायल

**छिंदवाड़ा )।** सतपुड़ा एक्सप्रेस छिंदवाड़ा- परासिया शहर के पुलिस थाने के पास महादेव मेले से लौट रही यात्री बस का ब्रेक फेल हो गया बस अनियंत्रित होकर दो बाइक सवारों पर चढ़ गई जिससे एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई वही 4 लोग घायल हो गए। जिस जगह पर हादसा हुआ वह परासिया शहर का सबसे व्यस्ततम इलाका है दुर्घटना के समय बस गलत दिशा में थी घटना से तनाव की स्थिति निर्मित होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परासिया में भर्ती करवाया।



## महाशिवरात्रि और होली पर्व शांति एवं सद्भावनापूर्वक मनाये:कलेक्टर-एसपी

### एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए आनंदके उत्सव के रूप में मनाये

**छिन्दवाड़ा15फरवरी( जनपक्ष )।** जिले में महाशिवरात्रि और होली पर्व शांति एवं सद्भावनापूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से विचार-विमर्श के लिये कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में समिति के सदस्यों से आगामी पर्वों के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई और सुझाव लेते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुये महाशिवरात्रि, होली पर्व और आगामी अन्य पर्वों को आनंद के उत्सव के रूप में मनाया जाये। इस संबंध में शांति समिति और जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों से सभी त्यौहारों को शांति और सद्भावना के साथ आनंद के उत्सव के रूप में मनाये जाने की अपील भी की गई। बैठक में नगरपालिक निगम के महापौर विक्रम अहके, पूर्व नगरपालिक निगम अध्यक्ष धर्मेंद्र मिगलानी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कन्हईराम रघुवंशी, सर्वश्री आनंद बक्शी, फिरोज खान, चन्द्रकुमार जैन, श्रीमती प्रीति बिसेन, पंकज शुक्ला आदि के साथ ही समिति के सभी अशासकीय सदस्य और पुलिस अधीक्षक दिवाकर वर्मा, एडीएम ओ.पी. सनोडिया, एएसपी श्री संजीव उईके, एसडीएम श्री अतुल सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री अजीत तिर्की, डीएसपी ट्रैफिक श्री सुदेश सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री राहुल सिंह, सिविल सर्जन डॉ.एम.के.सोनिया सहित समिति के सभी शासकीय सदस्य उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि जिले में किसी भी त्यौहार को शांति और सद्भावनापूर्ण ढंग से मनाये जाने की दृष्टि से समिति के सदस्यों की सकारात्मक पहल बहुत अच्छी है । इस जिले में समाज के सभी वर्गों के लोग मिलजुल कर सहयोग करते हैं और किसी भी समस्या के निदान के लिये सदैव तत्पर भी रहते हैं जो अनुकरणीय है । उन्होंने कहा कि उत्सव हमेशा आनंद के लिये मनाया जाता है जिसमें भक्ति भी शामिल हो जाती है । हमें किसी भी उत्सव को उल्लास व उमंग के साथ ही मनाना चाहिये और श्रध्दालुओं के साथ ही व्यवस्था में लगे हुये अधिकारियों और कर्मचारियों के आनंद की ओर भी ध्यान देना चाहिये जिससे सभी पक्ष उत्सव को आनंद के साथ मना सकें ।



## नाला निर्माण मे भ्रष्टाचार पर नगरपालिका उपाध्यक्ष ने उठाये सवाल

**चौरई** - नगर के वार्ड नंबर 08 सेन्ट्रल बैंक के पास मे लगभग 47 लाख की लागत राशि से हो रहे नाला निर्माण कार्य मे विभिन्न प्रकार से अधिकारियो की ठेकेदार के साथ मिली भगत से भ्रष्टाचार किया जा रहा है! नगर पालिका उपाध्यक्ष सिरपत नायक ने बताया की नगर पालिका परिषद के द्वारा वार्ड नम्बर 08 के सेन्ट्रल बैंक के पास नाला निर्माण कार्य किया जा रहा है इस निर्माण कार्य मे ठेकेदार द्वारा तय मानको को दरकिनार करते हुए घटिया निर्माण किया जा रहा है निर्माण कार्य मे रेत के स्थान पर स्टोन डस्ट का उपयोग किया जा रहा है एवं लोहे की सरिया के प्रयोग मे भी गोल- माल किया जा रहा है व ठेकेदार द्वारा निम्न स्तर की सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है जिसकी सूचना उपयंत्री सहित नगर पालिका के सभी अधिकारियो को होने के बाद भी किसी के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है इसके अलावा मेरे द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष को भी शिकायत की गई पर उनके द्वारा भी कोई कार्यवाही नहीं की गई इससे सिद्ध हो रहा है की इस भ्रष्टाचार मे सभी लिप्त है इस भ्रष्टाचार की शिकायत नगर पालिका उपाध्यक्ष के द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री, आयुक्त, कार्यपालन यंत्री जबलपुर व कलेक्टर छिंदवाड़ा को लिखित रूपसे की है ?र उक्त मामले की जांच करने की मांग की गई साथ ही इस भ्रस्टाचार मे लिप्त सभी वर्ग के लोगो पर कार्यवाही की मांग की है साथ ही ऐसे भ्रस्टाचारी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी जो प्रदेश के मुखिया की मंशा पर पानी फेर रहे है एवं आम जनता के हित की योजनाओं मे भ्रस्टाचार कर रहे है को सजा मिलनी चाहिए!



## दो मकानों में अज्ञात कारणों से लगी आग, लाखों रुपए के गृहस्थी का सामान जला

### नपा अध्यक्ष ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने सहित हर संभव मदद का दिया भरोसा



**अमरवाडा ।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 में अज्ञात कारणों के चलते दो मकानों में आग लगने से लाखों रुपए की नुकसानी हुई। घटना मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात्रि की बताई जा रही है। जहां वार्ड क्रमांक 9 निवासी रामकुमार और जंगीलाल दोनों के मकान आजू-बाजू में है। मंगलवार की रात्रि में दोनों अपने परिजनों के साथ खाना खाकर सभी सो गए। रात्रि में उनके घर में अज्ञात कारणों की वजह से आग लग गई। जैसे ही परिवार जनों को पता चला तो उन्होंने घर के बाहर निकल कर हल्ला मचाया और आसपास के लोग आग पर काबू पाने के लिए दौड़ पड़े। तत्काल इसकी सूचना हंड्रेड डायल पुलिस और अमरवाड़ा फायर बिग्रेड को दी गई। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। वही पीड़ित परिवार रामकुमार वर्मा ने बताया कि घर की पूरी गृहस्ती का सामान जलकर राख हो गया। अनाज भी नहीं बचा और जेवर भी जल गए। लगभग ?10 लाख का नुकसान हुआ है। वही जंगी लाल ने बताया कि आग लगने की वजह से लगभग ?5 लाख की नुकसानी हुई है और गृहस्थी का सामान भी जल गया है। दोनों ही पीड़ित परिवार के लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों से मुआवजे की गुहार लगाई है।

### पीड़ितों से मिलने पहुंची नगर पालिका अध्यक्ष



जैसे ही आगजनी की घटना की जानकारी नगर पालिका को लगी तो तुरंत ही नपा अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी और लोक निर्माण सभापति दीपा मुकेश सूर्यवंशी वार्ड क्रमांक 9 पहुंचे और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए दोनों परिवार को पीएम आवास योजना अंतर्गत ढाई ढाई लाख रुपए के मकान अति शीघ्र स्वीकृत कराने की बात कही एवं परिवार को तुरंत 25-25 किलो गेहूं चावल दिलवाया गया। वही मुआवजे के लिए तुरंत ही तहसीलदार छवि पंत से संपर्क कर हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया गया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत शौचालयों भी देंगे स्वच्छता का सन्देश



**छिंदवाड़ा ।**नगर निगम द्वारा इस वर्ष सर्वेक्षण की तैयारी जोर शोर से की जा रही है7 शहर की सार्वजनिक दीवारों पर मनमोहक चित्रकला की जा रही है, सार्वजनिक वाहनों पर स्वच्छता के स्टीकर लगाये जा रहे हैद्य इसी क्रम में शौचालयों की टूट-फूट सुधरवाकर चित्रकला के माध्यम से उनकी सुंदरता को बढ़ाकर उन्हें खूबसूरत बनाया जा रहा है, जो बच्चों से लेकर बड़ो तक के मन को न सिर्फ मोहित कर रही है,बल्कि आम नागरिको को स्वच्छता का सन्देश भी दे रही है7 नागरिको को जागरूक करने के लिए शहर के समस्त सार्वजानिक व् सामुदायिक शौचालयों पर स्वच्छता के सन्देश देने वाले स्टीकर लगाये जा रहे है व् शौचालय की स्वच्छता का फीडबैक देने के लिए शौचालयों पर त्तक्र कोड लगाये जा रहा है, जिसके माध्यम से आम नागरिक अपने शहर के शौचालयों का फीडबैक दे सकते है7 जो शौचालय के बेहतर रख रखाव के लिए अत्यंत आवशयक है।

## आज दादा सांई बोरवेल वीटीसीए नागपुर व डीसीए मेरठ के मध्य खेला जाएगा

### वरिष्ठजनों की उपस्थिति में टी 20 क्रिकेट के विजेताओं को सायं 5 बजे होगा पुरस्कार वितरण



**छिंदवाड़ा ।** प्रतियोगिता सचिव संदीप मालवीय व प्रतियोगिता उपाध्यक्ष एवं खेल मित्र नितिन खंडेलवाल ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री मनोहर लाल जी मालवी स्मृति में आयोजित इंडियन ऑयल टी 20 क्रिकेट प्रीमियर लीग 2023 का फाइनल मैच आज दिनांक 16 फरवरी दिन गुरुवार को सुबह 10:00 से होगा । मैच दादा साई बोरवेल वीटीसीए नागपुर व डीसीए मेरठ के मध्य खेला जाएगा। मैच के पश्चात् दोपहर 5 बजे से पुरुस्कार वितरण होगा जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, विशेष अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषराव यादव, नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे रहेगें। टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार ?125000 व ट्रॉफी व द्वितीय पुरस्कार ?65000 व ट्रॉफी, व्यक्तिगत पुरुस्कारों में बेस्ट बेस्टमेन को 11000, बेस्ट बॉलर को 11000, फाइनल मैच मैन ऑफ द मैच 5000 रुपये व मैन ऑफ द टूर्नामेंट को 21000 रुपये की राशि प्रदान की जाएगी ।

## हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

### विधायक सोहन बाल्मीक के समक्ष कांग्रेस मे शामिल हुये युवा कार्यकर्ता



**परासिया।** परासिया विधानसभा की क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी पगारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी के ग्राम पिपरिया मे परासिया विधायक सोहन बाल्मीक जी के नेतृत्व में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत बैठक की गई विधायक सोहन बाल्मीक के समक्ष ग्राम पिपरिया के वार्ड नम्बर 11 के पंच राजेश साहू अपने साथियों के साथ कांग्रेस मे शामिल हुये,हाथ से हाथ जोड़ों अभियान मे क्षेत्रीय कांग्रेस पगारा अध्यक्ष राहुल जायसवाल बूथ समन्वयक मोबिन खान बूथ प्रभारी दिलीप साहू पंच देवी लाल साहू पंच गांधी साहू बलदेव धुर्वे शंकर लाल धुर्वे विनोद धुर्वे राजकुमार धुर्वे श्याम धुर्वे खलील कश्मीरी आमीन कादरी एवं ग्रामीणजन सहित बड़ी संख्या मे महिलाएं उपस्थित रही*

## आईटी कंपनी में इंटर्नशिप के पश्चात दुबई एवं साउथ अफ्रीका में काम करने का मौका

### नकुलनाथ एवं कमलनाथ के प्रयासों से साकार होंगे सपने

**छिन्दवाड़ा ।** देश और प्रदेश में दिन पर दिन शिक्षित बेरोजगारों की संख्या बढ़ती जा रही, शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत युवाओं के हाथों में रोजगार नहीं है, किन्तु छिन्दवाड़ा जिले के युवाओं को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के सांसद नकुलनाथ के प्रयासों से समय-समय पर रोजगार के सुअवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। नेताद्वय की ओर से मुहैया कराये जाने वाले प्रत्येक मौके का लाभ जिले के शिक्षित और योग्य युवा उठाकर रोजगार से जुड़ रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ के प्रयत्नों से छिन्दवाड़ा जिले के योग्य युवाओं को अपने सपनों को साकार करने का मौका प्राप्त हो रहा है। आईटी एवं नॉन आईटी क्षेत्र से पढ़ाई कर रहे युवाओं के लिये पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद श्री नकुलनाथ के प्रयासों से देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी नौकरी के अवसर मिलने जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय आईटी कंपनी इश्यासॉफ्ट द्वारा जिले के बीएससी, एमएससीसीएस, एमसीए, बीई सीएस, आईटी उत्तीर्ण अथवा बी. कॉम, बीएससी, बीबीए, एमबीए, आदि विषय से स्नातक पास युवाओं को सोनी कॉलेज कैंपस में इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इंटर्नशिप का उद्देश्य युवाओं को इंडस्ट्री के अनुसार तैयार करना है।

जिला कांग्रेस कौशल विकास समन्वयक आतिश ठाकरे ने बताया कि इंटर्नशिप के लिये इच्छुक विद्यार्थी राजीव कांग्रेस भवन में 20 फरवरी तक 11 से 5 बजे के बीच पहुंचकर सादे कागज पर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। कंपनी द्वारा चयनित विद्यार्थियों को 45 दिनों का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाकर देश के साथ ही दुबई व साउथ अफ्रीका में रोजगार के अवसर प्रदान किये जावेंगे।

**इंटर्न विद्यार्थियों को मिलेगा रोजगार-** इंटर्नशिप के लिये चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण उपरांत आयोजित टेस्ट में उत्तीर्ण होने पर कंपनी द्वारा छिन्दवाड़ा, भोपाल, इंदौर, बेंगलुरु, पटना, कोलकाता, उड़ीसा के अलावा दुबई, साउथ अफ्रीका में 3 लाख, 5 लाख, 7 लाख अथवा विद्यार्थी की योग्यतानुसार रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे।

## पीजी कॉलेज सांसद प्रतिनिधि बने विश्वेंद्र सिंह बैस, ग्रहण किया पदभार



**छिंदवाड़ा ।** सांसद नकुलनाथ के आशीर्वाद से जिले के लीडिंग कॉलेज पी.जी.कॉलेज में सांसद प्रतिनिधि के रूप में विश्वेंद्र सिंह बैंस ने जिला एनएसयूआई की टीम के साथ विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। सर्वप्रथम कॉलेज परिसर स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर में पूजा करके हनुमान जी का आशीर्वाद लिया तत्पश्चात पी जी कॉलेज के प्राचार्य चंदेलकर के कक्ष में जाकर उनसे मुलाकात की। प्राचार्य द्वारा सासंद प्रतिनिधि का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। एवम औपचारिक चर्चा में पी जी कॉलेज हित में सांसद जी के विशेष प्रयासों एवम उनके द्वारा जिले के पढ़ाई के स्तर को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की । एवं आने वाली 16 तारीख को होने वाली जनभागीदारी की मीटिंग में एजेंडे रखने और छात्र हित में और अच्छे कार्य कैसे हों इस पर आगामी समय पर कार्ययोजना बनाने पर चर्चा की । इस अवसर पर जिला एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, वरिष्ठ युवा नेता दुष्यंत दुबे, राकेश माहोरे, प्रवीण सोनी, मोनू ठाकुर, नाबेद खान, इमरान अली, समर्थ मैद, निहाल सक्सेना, नितिन डेहरिया, पीयूष शर्मा, मोन्टी खान, सूरज बिहारे, शाहरुख हुसैन, सत्येन्द्र अहिरवार, अनुराग डेहरिया, जीत पवार, अहबाब उददीन, देवेश साहू, कार्तिक चैधरी, अर्पित तिवारी, अंकित डेहरिया, नयन डेहरिया, अनमोल साहू, हिमांशु जैन, सुभाष डेहरिया, रविन्द्र कवरेती,विकास डेहरिया, आनंद सिरसाम, कमलेश पन्द्राम, भरत पटेल, केशव बेलवंशी, अभिषेक मेहरा, खुशी तिवारी, अंजली उइके, शिवम यादव, शेख आमीर, हरिओम नामदेव, राहुल राज प्रधान सहितएन.एस.यू.आई. पदाधिकारी एवं छात्र छात्रायें उपस्थित थी ।

## महाविद्यालय अमरवाड़ा में 2 दिनों तक विशेष शिविर का आयोजन

**छिन्दवाड़ा ।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय अमरवाड़ा के प्राचार्य ने बताया कि गत दिवस संपन्न समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के परिपालन में महाविद्यालय में आगामी 2 दिनों तक विशेष शिविर का आयोजन किया गया है । इस शिविर में विद्यार्थी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और अन्य आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं ।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वॉटर विजन पार्क में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ आम, बरगद, जामुन, आंवला और इमली के पौधे लगाए गए।

# शिवराज बोले- सिंधिया की वजह से बना हूं सीएम, भरे मंच से जताया आभार

**रीवा।** मध्य प्रदेश में बह रही चुनावी बयार के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को एक बड़ा बयान दे दिया। उन्होंने कहा- मैं ज्योतिरादित्य सिंधिया की बदौलत ही मुख्यमंत्री बना हूं। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने कांग्रेस में फूट की वजहों का भी खुलासा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ज्योतिरादित्य सिंधिया का चेहरा दिखाकर सूबे में सरकार बनाई थी लेकिन बाद में उनको भूल गई। बाद में दादा मुख्यमंत्री बन गए। उन्होंने ऐसे कुकर्म किए कि पूरा सूबा तबाही की तरफ चला गया। यही कारण था कि ज्योतिरादित्य सिंधिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ खड़ा होने का फैसला लिया।



रीवा के चोरहटा में एयरपोर्ट के भूमिपूजन और महिला सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भरे मंच से ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार जताया। उन्होंने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सिंधिया का चेहरा दिखाकर चुनाव जीता। कांग्रेस ने कहा कि सिंधिया को मुख्यमंत्री बनाएंगे लेकिन बाद में मुख्यमंत्री दादा को बना दिया। दादा ने ऐसे कुकर्म किए कि पूरा प्रदेश पीछे चला गया। सूबे की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए सिंधिया जी ने फैसला किया कि कांग्रेस और कमलनाथ को बाय-बाय करना चाहिए। इसी वजह से उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ चलने का फैसला किया।

शिवराज ने कहा की विंध्य क्षेत्र ने तो मुझे सब कुछ दिया था लेकिन सिंधिया को चेहरा बनाने के कारण हमारी सीटें कुछ कम रह गईं। कांगेस ने ज्योतिरादित्य सिंधिया का चेहरा दिखाकर वोट मांगा था लेकिन मुख्यमंत्री कमलनाथ बना दिए गए। शिवराज सिंह चौहान ने यह भी कहा कि मैं सिंधिया की बदौलत ही मुख्यमंत्री बन पाया हूं। आज रीवा जिले की सभी 8 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। साथ ही विंध्य की 23 सीटों में भी भाजपा ने जीत दर्ज की थी। कांगेस के बड़े बड़े दिग्गज चुनाव हार गए थे। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर शिवराज का बयान बेहद अहम माना जा रहा है।

शिवराज सिंह चौहान ने यह बयान देकर उन तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है जिनमें सिंधिया से भाजपा नेताओं के मनमुटाव के कयास लगाए जाते रहे हैं। शिवराज ने इस बयान से संदेश दिया कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर पूरी भाजपा एकजुट है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय नागर एवं विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बुधवार को रीवा में चोरहटा हवाई पट्टी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एयरपोर्ट का शिलान्यास किया। लगभग 239 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से इस एयरपोर्ट को तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने 747 करोड़ 51 लाख के 32 विकास कार्यों का भी लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

## विधानसभा चुनाव को देखते हुए कमलनाथ ने दिग्विजय सिंह को मैदान में उतारा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह 17 फरवरी 2023 से मध्यप्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सघन दौरे करेंगे। वे प्रथम चरण में दिनांक 17 फरवरी को भोपाल जिले के



बैरसिया व गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। वे सुबह 11 बजे बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में भोपाल जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रथम सत्र की बैठक में मंडलम व सेक्टर के कार्यकर्ताओं से वन टू वन बातचीत करेंगे। वे बैठक के द्वितीय सत्र में बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एनएसयूआई एवं अन्य समस्त मोर्चा पदाधिकारी गणों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अपराह्न 3:30 बजे गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में भोपाल शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित बैठक के प्रथम सत्र में मंडलम सेक्टर के कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। वे शाम 5 बजे द्वितीय सत्र में गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के समस्त मोर्चा संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। जिला शहर व ग्रामीण कांग्रेस द्वारा आयोजित इन बैठकों में प्रदेश कांग्रेस द्वारा बनाये गए भोपाल जिले के समस्त प्रभारी व जिला कांग्रेस के पदाधिकारी आवश्यक रूप से हिस्सा लेंगे।

## मुख्यमंत्री का फर्जी निजी सचिव पकड़ाया, धोखाधड़ी की आशंका

**दमोह।** दमोह कोतवाली थाने ने मुख्यमंत्री के नाम का गलत उपयोग करने का मामला दर्ज किया है। इसे धोखाधड़ी के मामले के रूप में दर्ज किया गया है। इस व्यक्ति ने खुद को मुख्यमंत्री का निजी सचिव बताकर शादी का कार्ड छपवाया और एसपी को दे आया। शंका होने पर पड़ताल की गई तो मामला फर्जी निकला।




दमोह पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश कुमार सिंह ने बताया कि दमोह निवासी आकाश दुबे ने मुझे और कई लोगों को शादी के आमंत्रण का एक कार्ड दिया था। इस शादी के कार्ड में आकाश दुबे ने अपने आपको 'निजी सचिव माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन' छपवाया। पता करने पर मुख्यमंत्री के कार्यालय में न तो पदस्थ है और न ऐसी कोई नियुक्ति आदेश ही जारी हुआ है। इस तरह का अपराध कृत्य पाए जाने पर 420 धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया। जानकारी के मुताबिक आशंका है कि आकाश दुबे ने अपने इस फर्जी पद का उपयोग करके लोगों के साथ धोखाधड़ी भी की होगी। गिरफ़्तारी के बाद पुलिस उससे सख्ती से पूछताछ कर रही है। अभी ऐसी कोई जानकारी बाहर नहीं आई कि उसके कितनों को धोखा दिया।

# जब सिंधिया बने स्कूली बच्चों के टीचर

**ग्वालियर।** ग्वालियर में बुधवार को केन्द्रीय मंत्री और सिंधिया रियासत के मुखिया ज्योतिरादित्य सिंधिया सरकारी स्कूल के मास्टर बन गए। वह टापू मोहल्ला स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय पहुंचे तो क्लास में हिस्ट्री का पीरियड चल रहा था। सिंधिया से रहा नहीं गया और उन्होंने इतिहास की किताब अपने हाथ में उठा ली।

बिरसा मुंडा कौन थे और उनका देश की आजादी और क्रांति में क्या योगदान था यह पढ़ाया। इस दौरान छात्रों की मासूमियत देखकर सिंधिया काफी उत्साहित नजर आए। यहां उन्होंने कहा कि उन्हें पढ़ाना बहुत अच्छा लगता है। मैं सोचता हूं कि सप्ताह में एक क्लास लूं।

ग्वालियर में विकास यात्रा में शामिल होने निकले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ना सिर्फ स्कूलों और आंगनवाड़ीयों का निरीक्षण कर यहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया बल्कि टापू वाला मोहल्ला में शासकीय



प्राथमिक विद्यालय में सिंधिया अध्यापक की भूमिका में भी नजर आए। सिंधिया ने यहां स्कूल में पढ़ने के लिए आए बच्चों से ना सिर्फ बात कि बल्कि स्कूल में कराए जाने वाले अध्यापन कार्य के बारे में जानकारी ली और इतिहास की किताब उठाकर बच्चों को इतिहास का पाठ भी पढ़ाया। साथ ही शिक्षकों से भी बात करते हुए उन्हें बच्चों को ज्ञान प्रद शिक्षा देने की बात कही। सिंधिया ने कहा कि उन्हें खुद पढ़ने का बहुत शौक रहा है और उन्होंने अलग-अलग कैटेगरी के स्कूलों में पढ़ाई भी की है। बच्चों की पढ़ाई में उन्हें बहुत आनंद आता है, उनकी मंशा है कि वह हर महीने में बच्चों की एक क्लास जरूर लें। इस दौरान स्कूली बच्चे भी सिंधिया के क्लास में आने से उत्साहित नजर आए बच्चों ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने उनसे क्लास में की जाने वाली पढ़ाई की जानकारी तो ली ही और इतिहास की कई ज्ञान परख बातें भी बताई।







**प्रदेश भर के चिकित्सकों ने आज अपनी मांगों को लेकर सांकेतिक हड़ताल की। दो घंटे काम नहीं किया और दिन भर काली पट्टी बांधकर काम किया। जगह-जगह प्रदर्शन किए गए। भोपाल में प्रदर्शन के साथ ही सभा का आयोजन भी किया गया।**

## सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय महिलाओं को ही टिकट देगी कांग्रेस

**भोपाल।** कांग्रेस भले परिवारवाद का विरोध नहीं करती हो, लेकिन आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी सिर्फ उन्हीं महिलाओं को टिकट वितरण में प्राथमिकता देगी, जो सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय होंगी। नेताओं की पत्नियों या बहू-बेटी को टिकट नहीं दिया जाएगा। पार्टी महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लिए नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में विजयी महिलाओं को भी परख रही है।

सर्वे में ऐसी महिला प्रतिनिधियों के बारे में भी राय जुटाई जा रही है कि उन्हें टिकट दिया जाए तो वे कितनी टक्कर दे पाएंगी। प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ ने प्राथमिक रूप से यह तैयारी की है कि आठ से दस विधानसभा क्षेत्रों के बीच एक महिला प्रत्याशी उतारा जाए।



उधर भाजपा आने वाले चुनाव में महिला प्रत्याशियों की संख्या बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने की तैयारी कर रही है।

**10 प्रतिशत भी नहीं हैं महिला विधायक** - मध्य प्रदेश की 15वीं विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या 10 प्रतिशत भी नहीं है। 230 सदस्यों वाली विधानसभा में मात्र 21 महिला सदस्य हैं। इनमें महिला कांग्रेस विधायकों की सदस्य संख्या मात्र छह है। भाजपा की महिला विधायकों की संख्या 14 है, जबकि एक सदस्य बहुजन समाज पार्टी की हैं।

यह स्थिति तब है, जब उपचुनाव के दौरान चार महिला प्रत्याशियों को विजय मिली, वरना 2018 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद मात्र 17 महिलाएं ही जीतकर विधानसभा पहुंची थीं। इसके विपरीत 2013 को गठित 14वीं विधानसभा में महिला सदस्यों की संख्या 31 थी, इनमें सबसे ज्यादा भाजपा की 24 सदस्य थीं, वहीं कांग्रेस की पांच और बहुजन समाज पार्टी की दो सदस्य थीं।

**भाजपा 20 प्रतिशत टिकट देगी महिलाओं को** - भाजपा की तैयारी इस बार टिकट में महिला प्रत्याशियों की संख्या बढ़ाने की है। वरिष्ठ नेताओं के मुताबिक 2023 के विधानसभा चुनाव में 20 प्रतिशत तक टिकट महिलाओं को देने पर विचार किया जा रहा है। इनमें अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ा वर्ग सहित सामान्य वर्ग में मोर्चा में सक्रिय महिलाओं और नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में जीती महिलाओं को प्राथमिकता दिया जाएगा।

## एनवीडीए के हाल बेहाल: अधीक्षण यंत्री को सदस्य सचिव का प्रभार

**सांध्यप्रकाश संवाददाता**

**भोपाल।** नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण यानि एनवीडीए में इन दिनों तकनीकी अधिकारियों का अकाल पड़ा हुआ है। एक तरफ सरकार नर्मदा घाटी में विकास कार्यों से लेकर तमाम परियोजनाओं के लिए करोड़ों का बजट दे रही है, दूसरी ओर वरिष्ठ पदों पर या तो सेवानिवृत्त अधिकारी पदस्थ हैं, या दो से तीन पद ऊपर प्रभार दिए जा रहे हैं। यहां एक भी मुख्य या प्रमुख अभियंता नहीं है।

जानकारी के अनुसार एनवीडीए में प्रमुख अभियंता के समकक्ष सदस्य इंजीनियर का पद रहता है। यहां प्रमुख अभियंता तो छोड़ो मुख्य अभियंता भी मौजूद नहीं हैं। दो पद नीचे के अधीक्षण यंत्री पीके शर्मा को प्रभार दिया गया, वो भी सेवानिवृत्त हो गए। हालांकि इनसे वरिष्ठ अधीक्षण यंत्री भी प्राधिकरण में मौजूद हैं, लेकिन उन्हें प्रभार नहीं दिया गया। सूत्र कहते हैं कि वरिष्ठ अधीक्षण यंत्री आरक्षित वर्ग के हैं, इसलिए उन्हें महत्वपूर्ण पद का प्रभार नहीं दिया जा रहा है। अधीक्षण यंत्री के पद भी यहां संविदा पर भरे जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार मुख्य अभियंता सिवनी, मुख्य अभियंता नर्मदापुरम, मुख्य अभियंता इंदौर, मुख्य अभियंता बजट, मुख्य अभियंता बोधी, मुख्य अभियंता राजघाट के सभी महत्वपूर्ण पद रिक्त पड़े हुए हैं। सदस्य अभियंता का पद एक साल से खाली पड़ा हुआ है। मुख्य अभियंता के पदों के लिए अधीक्षण यंत्री भी कम पड़ रहे हैं। कुछ जगह कार्यपालन यंत्रियों को मुख्य अभियंता के पदों का प्रभार दिया गया है। यहां आरक्षित वर्ग के जो कार्यपालन यंत्री पदस्थ हैं, उन्हें मुख्य अभियंता तो छोड़ो, अधीक्षण यंत्री का प्रभार तक नहीं दिया जा रहा। यहां जल संसाधन विभाग से अधिकारियों को भेजा जाता है, लेकिन वर्तमान में जल संसाधन विभाग में ही अधिकारियों का टोटा है। वहां भी प्रमुख अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता तक के पदों पर अधिकारी प्रभार पर बैठाए गए हैं।

## आशा ऊषा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**भोपाल।** राजधानी में आज दूसरे दिन आशा ऊषा और पर्यवेक्षकों ने नीलम पार्क पर प्रशर्शन किया जिसमें हजारों महिला आशा ऊषा कार्यकर्ता शामिल रहीं। प्रदेश में सरकार से नाराजगी जाहिर करते हुए कर्मचारियों के प्रदर्शन शुरू हो गए विगत वर्षों से कर्मचारियों की मांगों पर सरकार के द्वारा राहत नहीं दी गई । उसी क्रम में आज दूसरे दिन भोपाल स्थित नीलम पार्क में धरना प्रदर्शन जारी है । यह प्रदर्शन आशा ऊषा और पर्यवेक्षक संगठन के द्वारा किया जा रहा है जिसमें प्रदेश अलग अलग शहरों से आंगनबाड़ी में पदार्थ कर्मचारी महिलाएं शामिल है । अपनी मांगों को लेकर पूर्व में भी मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन दिया था उसके बाद भी उनकी मांगों को मंजूरी नहीं दी गई।



## 220 वरिष्ठ तहसीलदार बनेंगे डिप्टी कलेक्टर, 173 नायब तहसीलदारों को भी प्रभार मिलेगा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार 220 सीनियर तहसीलदारों को कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर बनाने जा रही है। इसकी फाइल भी दौड़ रही है। संभवतः 25 फरवरी के बाद लिस्ट आ सकती है। ये तहसीलदार पिछले 7 साल से प्रमोशन का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 1999 से 2008 के बीच के तहसीलदार इस क्राइटेरिया में आ रहे हैं। जिनकी विभागीय जांच चल रही है, वे डिप्टी कलेक्टर नहीं बन पाएंगे। इधर, कुल 173 नायब तहसीलदारों को भी तहसीलदार का प्रभार दिए जाने की प्रोसेस चल रही है।

बता दें कि मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी संघ पिछले एक साल से पुलिस विभाग की तर्ज पर तहसीलदारों को प्रमोशन देने की मांग उठा रहा है। इसे लेकर ष्ट्रूमंत्री से गुहार लगाई जा रही थी। इसके बाद सरकार स्तर पर प्रोसेस शुरू की गई, जो अब अंतिम दौर में है। बताया जा रहा है कि जीएडी (सामान्य प्रशासन विभाग) में फाइल दौड़ रही है।

**विभागीय जांच वालों को मौका नहीं**- वर्ष 1999 से 2008 के बीच जो नायब तहसीलदार बने और फिर तहसीलदार के पद पर पदोन्नत हुए, लेकिन इसके बाद उन्हें प्रमोशन नहीं मिला। उन तहसीलदारों को कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर नहीं बनाया जाएगा, जिन पर जांच चल रही हो। यानि, ऐसे तहसीलदारों को मौका नहीं मिलेगा।

**प्रमोशन का इंतजार कर रहे**- मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी संघ की मानें तो वर्ष 1999 से 2008 के बीच एमपी पीएससी के जरिए नायब तहसीलदारों की भर्ती की गई थी, लेकिन उन्हें प्रमोशन नहीं मिला। यदि नियम के अनुसार प्रमोशन होता तो दो बार पदोन्नति हो जाती। अब तक वे जॉइंट कलेक्टर बन चुके होते, लेकिन पदोन्नति रुकने के कारण डिप्टी कलेक्टर भी नहीं बन सके। वर्तमान में 220 तहसीलदार हैं, जो पदोन्नति का रास्ता देख रहे हैं। इनमें से कई ऐसे भी हैं, जिन पर विभागीय जांच लंबित है।

**आरआई को नायब तहसीलदार बनाने की प्रोसेस भी जारी**- इधर, एक बार फिर आरआई (राजस्व निरीक्षक) को नायब तहसीलदार बनाने की प्रोसेस भी जारी है। पिछले साल अक्टूबर में प्रस्ताव भी बन चुका है। जिसमें क्राइटेरिया भी तय हो चुका है। बता दें कि प्रदेश में अभी तक की स्थिति में नायब तहसीलदार के कुल 1242 पद मंजूर हैं।